

दैनिक **सांध्य प्रकाश**

भोपाल की धड़कन



वर्ष 54/ अंक 181/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

☐ भोपाल, बुधवार 29 जनवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in


# महाकुंभ : संगम पर भगदड़, 20 की मौत, दर्जनों घायल

## प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर डुबकी की होड़, अभी भी 9 करोड़ लोग, पीएम मोदी ने चार बार की सीएम योगी से बात





प्रयागराज। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान मौनी अमावस्या पर के संगम तट पर मंगलवार-बुधवार की रात करीब डेढ़ बजे भगदड़ मच गई। हादसे में अब तक 20 से ज्यादा लोगों की मौत होने की खबर है। 50 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हैं। मेडिकल कॉलेज में पहले 14 शव पोस्टमॉर्टम के लिए लाए गए। बाद में एंबुलेंस से कुछ और शवों को मेला क्षेत्र से लाया गया।

पीएम मोदी ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई है। उन्होंने चार बार सीएम से बात की है। इधर सीएम योगी आदित्यनाथ ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा-श्रद्धालु संगम पर ही स्नान करने की न सोचें। गंगा हर जगह पवित्र है, वे जहां हैं उसी तट पर स्नान करें।

### भगदड़ की 2 प्रमुख वजहें

अमृत स्नान की वजह से ज्यादातर पांटून पुल बंद थे। इसके कारण संगम पर पहुंचने वाली करोड़ों की भीड़ इकट्ठा होती चली गई। जिससे बैरिकेड्स में फंसकर कुछ लोग गिर गए। यह देखकर भगदड़ की अफवाह फैल गई। संगम नोज पर एंट्री और एग्जिट के रास्ते अलग-अलग नहीं थे। लोग जिस रास्ते से आ रहे थे, उसी रास्ते से वापस जा रहे थे। ऐसे में जब भगदड़ मची तो लोगों को भागने का मौका नहीं मिला। वे एक-दूसरे के ऊपर गिरते गए। हादसे के बाद 70 से ज्यादा एम्बुलेंस संगम तट पर पहुंचीं। इनसे घायलों और मृतकों को अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बाद संगम तट पर हस्त्र कमांडो ने मोर्चा संभाल लिया। संगम नोज इलाके में आम लोगों की एंट्री बंद कर दी गई। भीड़ और न बढ़े, इसलिए प्रयागराज से सटे जिलों में श्रद्धालुओं को रोक दिया गया है। वहां प्रशासन को अलर्ट कर दिया गया है।

### भारी संख्या में लोगों का आना जा

एक अधिकारी ने बताया कि मेला क्षेत्र में भारी संख्या में लोगों का आना जारी है और जिला प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण के लिए चंद्रशेखर आजाद पार्क का गेट भी खोल दिया है ताकि लोग सड़क के बजाय पार्क में बैठें। बुधवार को तड़के संगम नोज पर भगदड़ जैसी स्थिति बनने से कई लोग घायल हो गए जिन्हें मेला क्षेत्र में बने अस्पताल में भर्ती कराया गया है।







### 2.78 करोड़ लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई

इस बीच महाकुंभ मेले में भगदड़ जैसी घटना होने के बावजूद श्रद्धालुओं का आना जारी है और मेला प्रशासन के मुताबिक, बुधवार को मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर सुबह आठ बजे तक 2.78 करोड़ लोगों ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इसमें 10 लाख से अधिक कल्पवासी भी शामिल हैं। 13 जनवरी को शुरू हुए महाकुंभ मेले में अब तक 19.94 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं।

### संगम में स्नान का आग्रह छोड़ दें

सीएम योगी के साथ ही धर्म गुरुओं ने भी श्रद्धालुओं से अपील की है। स्वामी रामभद्राचार्य ने महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की कि वे सभी संगम में स्नान का आग्रह छोड़ दें और निकटतम घाट पर स्नान करें। लोग अपने शिविर से बाहर न निकलें। अपनी और एक दूसरे की सुरक्षा करें। उन्होंने वैष्णव सम्प्रदाय के प्रमुख संत की हैसियत से सभी अखाड़ों और श्रद्धालुओं से अफवाहों से बचने का आह्वान किया।

## मैं यूपी सरकार के साथ निरंतर संपर्क में- मोदी



प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- आज की चुनाव सभा को संबोधित करने से पहले मैं महाकुंभ में जो दुखद हादसा हुआ है, उस हादसे में हमें कुछ लोगों को खोना पड़ा है, कई लोगों को चोटें आई हैं। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करना हूं। मैं उत्तर प्रदेश सरकार के साथ निरंतर संपर्क में हूं। करोड़ों श्रद्धालु आज वहां पहुंचे हैं, कुछ समय के लिए स्नान की प्रक्रिया में रुकावट आई थी, लेकिन अब कई घंटों से सुचारू रूप से लोग स्नान कर रहे हैं।

## प्रशासन व्यवस्थाओं में जुटा, संगम नोज पर दबाव : योगी



मामले में सीएम योगी ने कहा कि प्रयागराज में आज करीब 8-10 करोड़ श्रद्धालु मौजूद हैं। संगम नोज की ओर श्रद्धालुओं के आने से लगातार दबाव बना हुआ है। अखाड़ा मार्ग पर बैरिकेडिंग लांघने की कोशिश में कुछ श्रद्धालुओं को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौनी अमावस्या का महूर्त कल रात से शुरू हुआ है, तब से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं।

## अखाड़ों में नहीं होगा अमृत स्नान

मौनी अमावस्या पर भारी भीड़ और भगदड़ की घटना के चलते सभी अखाड़ों ने अमृत स्नान न करने का एलान किया है। यह एलान अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र गिरी ने निरंजन छावनी से किया। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने कहा जिस तरह से श्रद्धालुओं की भीड़ है और भगदड़ की घटना सामने आई है उससे अखाड़े ने स्नान न करने का फैसला लिया है। अखाड़े के वहां जाने से स्थिति और भी बिगड़ सकती थी।

सीमा रोके गए मप्र के श्रद्धालु, एमपी में 15 किमी लंबा जाम लगा, मुख्यमंत्री ने कहा- संयम रखें

महाकुंभ में भगदड़ में 20 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। प्रयागराज में भीड़ और न बढ़े, इसलिए यूपी बॉर्डर से सटे जिलों में श्रद्धालुओं को रोक दिया गया है। प्रयागराज से करीब 250 किलोमीटर दूर ही वाहनों का प्रवेश दो दिन के लिए बंद कर दिया गया है। एमपी के श्रद्धालुओं को रीवा जिले के चाकघाट के पास रोक दिया गया है। एसडीओपी उदित मिश्रा ने बताया, अभी सिर्फ रीवा तरफ जाने वाला ट्रैफिक क्लीयर है। रीवा साइड के वाहन निकल रहे हैं। प्रयागराज साइड जाने वाले वाहन रोके गए हैं। मप्र की तरफ करीब 15 किलोमीटर तक वाहनों का जाम लगा है। यूपी के एरिया में कितना लंबा जाम है ये पता नहीं।

मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा- आज मौनी अमावस्या के महापर्व पर तीर्थराज प्रयाग में देश-विदेश से पधारे करोड़ों श्रद्धालु पवित्र स्नान करने पहुंच रहे हैं। स्नान पर्व को दृष्टिगत रखते हुए रीवा जिले अंतर्गत मध्यप्रदेश-उत्तरप्रदेश की सीमा पर श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रयागराज में भीड़ अधिक होने के कारण आज रीवा जिले के चाकघाट थाना अंतर्गत सीमा पर हजारों श्रद्धालुओं के वाहन सीमा पर रुके हुए हैं। हमारे पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं, जो वहां सभी श्रद्धालुओं के खाने-पीने से लेकर ठहरने की समुचित व्यवस्था का ध्यान रख रहे हैं, साथ ही स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए डॉक्टरों की टीम को भी मौके पर उपलब्ध कराया गया है। मैं सभी श्रद्धालुओं से अपील करता हूं कि प्रशासन के दिशा निर्देशों का पालन करें एवं संयम बनाए रखें।

## सीएम मोहन यादव ने जापान में किया रोड शो, निवेशकों के साथ हुआ 'इंटरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट'



भोपाल। जापान में निवेशकों को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का न्योता देने पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हम इस वर्ष 21 सेक्टर्स के लिए नई निवेश नीति ला रहे हैं। इसमें मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स, निर्यात संवर्धन, एमएसएमई, स्टार्टअप, पंप हाइड्रो स्टोरेज, जैव ईंधन, ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर, ङ्कत्नष्ट-ङ्गक्र सेमीकंडक्टर, ड्रोन, विमानन, मेडिकल कॉलेजों का पीपीपी मोड पर निर्माण और संचालन, पर्यटन आदि क्षेत्र शामिल हैं। निवेशकों को विशिष्ट वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। हमारी सरकार रोजगार सृजन को बेहद महत्व देती है। इसलिए जो कंपनियां अधिक से अधिक लोगों को रोजगार देंगी, उन्हें अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेशकों को आमंत्रण देने जापान पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भारतीय दूतावास में 'इंटरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस सेशन में उन्होंने कहा कि जापान का प्राचीन काल से आधुनिक काल तक बहुत समृद्ध इतिहास रहा। जापान की उद्यमशीलता को नमन करता हूं जिसकी बदौलत आज जापान की विश्व के सामने अलग पहचान है।

जापान गौतम बुद्ध की हजारों साल पुरानी परंपरा के साथ भारत से जुड़ा हुआ है। जो आज विशिष्ट जीवन शैली और औद्योगिक शैली के साथ आर्थिक शक्ति से संपन्न पाने वाला देश है।

### निर्यात करने वाली कम्पनी को दे रहे लाभ, हरित उद्योग को बढ़ावा

जापान पहुंचने के बाद अलग-अलग उद्योगपतियों के साथ चर्चा में सीएम ने कहा कि निर्यात करने वाली कंपनियों को भी विशेष लाभ दिए जा रहे हैं। इससे न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि देश का निर्यात भी बढ़ेगा। हमारी सरकार हरित उद्योगों को भी बढ़ावा दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फूड पार्क, आईटी पार्क, प्लास्टिक पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, सोलर इक्विपमेंट पार्क, फूट वियर पार्क, ईवी पार्क, टेक्सटाइल पार्क, गारमेंट पार्क, प्लग एंड प्ले जोन, सेमीकंडक्टर पार्क आदि क्षेत्रों में मध्यप्रदेश में समान रूप से संभावना बनी है। राज्य सरकार की गारमेंट, लॉजिस्टिक्स, ईवी, खाद्य प्रसंस्करण, एथेनॉल, आईटी, फार्मा, मेडिकल डिवाइसेस वगैरह सेक्टर्स पर केन्द्रित विशेष नीतियां निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं। मध्यप्रदेश फूड बॉस्केट कहलाता है, इससे कई सेक्टर जुड़े हैं, जिनसे संबंधित व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए सभी ओर से प्रोत्साहन मिल रहा है।

### अफसरों ने दिया प्रजेंटेशन

इस दौरान अपर प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा ने प्रदेश में आईटी, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यटन, खनिज के क्षेत्र में उपलब्ध निवेश संभावनाओं की जानकारी दी। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन राघवेन्द्र कुमार सिंह ने सत्र में मध्यप्रदेश में निवेश अनुकूल नीतियों एवं औद्योगिक क्षेत्रों के लिए उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। प्रारंभ में जापान के एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की कार्यकारी उपाध्यक्ष मयूमी मुरायामा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज, मिशन के उप प्रमुख आर मधु सूदन, आर्थिक और वाणिज्यिक मंत्री देबजानी चक्रवर्ती, काउंसलर वाणिज्य करूण बंसल एवं आनंद नांगुर उपस्थित थे। जापान में सीआईआई के प्रतिनिधि विष्णु जाजू ने आभार माना।

## मप्र :स्थानांतरण नीति जारी, मंत्री कर सकेंगे तबादले, थोक तबादले नहीं

**भोपाल।** महेश्वर में हुई कैबिनेट बैठक में मंत्रियों को तबादले के अधिकार दिए जाने के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने नई तबादला नीति के आदेश जारी कर दिए हैं। सभी विभागों, विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों, कलेक्टरों और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि संशोधित तबादला नीति 2025 के तहत राज्य स्तर पर अधिकारियों और कर्मचारियों के तबादलों पर प्रतिबंध लागू रहेगा।

आज जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि प्रतिबंध अवधि के दौरान या नीति से हटकर केवल अपवाद स्वरूप परिस्थितियों में ही प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी के शासकीय सेवकों के तबादले किए जा सकेंगे। इसके लिए संबंधित विभागीय मंत्री से प्रशासकीय अनुमोदन आवश्यक होगा।

सीएम कार्यालय के मामलों में भी अनुमोदन आवश्यक

तबादला नीति के अनुसार, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त उच्च प्राथमिकता वाले प्रकरणों में संबंधित विभाग के सचिव को प्रशासकीय अनुमोदन प्राप्त कर आदेश जारी करना होगा। यदि कोई तबादला प्रकरण विभागीय नीति के अनुरूप नहीं पाया जाता, तो ऐसे मामलों में विभागीय सचिव को पहले विभागीय मंत्री से अनुमोदन लेना होगा। इसके बाद, अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय को दोबारा प्रस्ताव भेजकर अंतिम आदेश प्राप्त किया जा सकेगा।

**(तबादला नीति का आदेश पेज 6 पर देखें)**

## जय श्री गायत्री फूड्स पर सीहोर, भोपाल और मुरैना में ईडी की रेड

भोपाल। सीहोर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को सीहोर-रातीबड़ भोपाल मार्ग पर ग्राम पिपलिया मीरा स्थित जय श्री गायत्री पनीर फैक्ट्री पर छापेमारी की। सुबह करीब 10.15 बजे ईडी की टीम ने सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस के साथ पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही मुरैना और भोपाल में अरेरा कालोनी में भी छापेमारी की गई, जहां दस्तावेजों की जांच चल रही है।

जानकारी के मुताबिक, ईडी की टीम ने फैक्ट्री में जांच-पड़ताल कर रही है। फैक्ट्री के मुरैना और भोपाल स्थित कार्यालयों पर भी एक साथ छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है।

**15 से ज्यादा अफसरों की टीम मालिक के घर पहुंची:** गायत्री फूड्स के मालिक किशन मोदी के भोपाल के शाहपुरा में स्थित घर मोदी भवन में भी ईडी की टीम जांच कर रही है। तीन से चार गाड़ियों में आए ईडी के 15 से 20 अधिकारी किशन के घर के भीतर हैं। बाहर सुरक्षा के लिए सीआरपी के जवानों की तैनाती की गई है। किशन पर मनी लांड्रिंग और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर फैक्ट्रियां चलाने के आरोप हैं।

**सीहोर में भी कंपनी की पनीर फैक्ट्री पर रेड:** सीहोर-रातीबड़-भोपाल मार्ग पर ग्राम पिपलिया मीरा में स्थित जयश्री गायत्री पनीर फैक्ट्री पर भी कार्रवाई चल रही है। पुलिस के जवानों के साथ अधिकारियों की टीम पनीर फैक्ट्री पहुंची। यहां जांच पड़ताल की जा रही है। एक टीम फैक्ट्री प्रबंधन के मुरैना स्थित ठिकाने पर भी पहुंची है। पूरी कार्रवाई को अत्यंत गोपनीय रखा गया है। फैक्ट्री प्रबंधन या किसी आधिकारिक सूत्र की ओर से अभी तक कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। फैक्ट्री के बाहर तैनात पुलिस भी कार्रवाई के बारे में कोई जानकारी साझा करने से बच रही है। बाहर से बुलाई गई पुलिस टीम के साथ सीआरपीएफ के जवान मौके पर मौजूद हैं।

जयश्री गायत्री पनीर फैक्ट्री प्रबंधक का घर सीहोर के जंगली अहाता क्षेत्र में स्थित पारस विहार फेज-टू में भी है। यहां पर भी सीआरपीएफ और ईडी की टीम




सर्चिंग के लिए पहुंची है। कार्रवाई की जानकारी स्थानीय पुलिस को नहीं है। सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत ने बताया कि सीहोर पुलिस को अधिकृत तौर पर कोई जानकारी नहीं है। संभवत भोपाल से ही पुलिस ईडी टीम के साथ आई होगी।

**मुरैना में कृष्णा मिल्क प्रोडक्ट्स पर भी छापा:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार सुबह मुरैना में कंपनी के मालिक नरेंद्र मोदी के गणेशपुरा स्थित आवास और सीहोर स्थित फैक्ट्री पर छापेमारी की। घर पर ताला होने के कारण ईडी अधिकारियों को मेन गेट का ताला तोड़ पड़ा। मोदी की मुख्य दुकान कृष्ण मिल्क प्रोडक्ट्स महाराजपुर रोड पर स्थित है। नरेंद्र मोदी के दो बेटे अमित और किशन मोदी सीहोर स्थित जयश्री गायत्री पनीर फैक्ट्री का संचालन करते हैं। दो साल पहले आयकर विभाग ने भी छापेमारी की थी, जिसमें बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी का खुलासा हुआ था।

फिलहाल, ईडी की टीम ने घर के अंदर दस्तावेजों की जांच करना शुरू कर दिया है। अधिकारी मामले से संबंधित सभी दस्तावेजों की जांच में जुटे हुए हैं,



त्वरित टिप्पणी - सांध्यप्रकाश

जी. के. छिब्बर

## महाकुंभ में जल्दबाजी ने धैर्य खोया हादसे के बाद भी स्नान निरंतर जारी

श्रद्धालु और प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी से ही महाकुम्भ सफल होगा।

मोनी अमावस्या के अमृत स्नान के पुण्य को लेकर श्रद्धालुओं ने 29 जनवरी की सुबह स्नान करने के करोड़ो श्रद्धालु 28 जनवरी की रात में ही चल पड़े किसका अनुमान प्रशासन लगाने में असमर्थ रहा और अव्यवस्था में भगदड़ से हादसा हो गया जो दुखद है आश्चर्य का विषय यह है कि उसे बाद भी निरंतर श्रद्धालुओ की भीड़ कम नही हुई और स्नान जारी रहा इतना ही नहीं अखाड़ा परिषद ने अपना अमृत स्नान स्थगित कर श्रद्धालुओं के ले अपना स्थान खोल दिया जो सराहनीय कदम था महाकुम्भ की आस्था और सनातन संस्कृति का यह विश्व का सबसे बड़ा चमत्कारिक आयोजन है इसका प्रबंधकीय नियंत्रण बहुत आसान नही है उसमे जनभागीदारी भी आवश्यक है

सभी जिम्मेदारी प्रशासन पर निर्भर नहीं हो सकती यह उल्लेखनीय है कि सुबह के भगदड़ के हादसे के बाद स्थिति सामान्य हो गई और स्नान निरंतर चल रहा है स्थिति नियंत्रण में है श्रद्धालु सयंम से मोनी अमावस्या के स्नान का आनंद ले रहे थे कोई भयभीत नहीं है यह सनातन की ही शक्ति है एक डुबकी का आनंद क्या है यह समझना मुश्किल है परंतु आस्था और श्रद्धा का सैलाब यह सोचने को मजबूर अवश्य करता है की भारतीय संस्कृति और परंपरा की जड़े कितनी गहरी है समस्त विश्व अचंभित है ।




आईसेक्ट के चांसलर संतोष चौबे ने बिग कंट्री लिटिल बिजनेस पर कार्यक्रम के दौरान पुस्तक का विमोचन किया।

## अब तक 6 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने कराई ई-केवायसी

**भोपाल।** राज्य शासन की लाभकारी योजनाओं का फायदा लेने के लिए बिजली उपभोक्ताओं को ईकेवायसी कराना अनिवार्य है। उपभोक्ताओं से कहा गया है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय ऐप के जरिए भी ईकेवायसी करा सकते हैं। गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध उपाय ऐप डाउनलोड कर बिजली उपभोक्ता समग्र केवायसी में अपना उपभोक्ता क्रमांक एवं समग्र क्रमांक दर्ज करने के बाद लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी को दर्ज कर केवायसी प्रक्रिया को पूर्ण कर सकते हैं। केवायसी प्रक्रिया के तहत अब तक 06 लाख 33 हजार 613 उपभोक्ताओं ने सफलतापूर्वक केवायसी करा ली है। कंपनी ने बताया है कि केवायसी प्रक्रिया के तहत नर्मदापुरम ग्रामीण में 71 हजार 654, बैतूल ग्रामीण में 88 हजार 176, राजगढ़ ग्रामीण में 43 हजार 929, शहर वृत्त भोपाल में 54 हजार 581, भोपाल ग्रामीण में 37 हजार 893, गुना ग्रामीण में 32 हजार 092, विदिशा ग्रामीण में 45 हजार 581, सीहोर ग्रामीण में 23 हजार 720, ग्वालियर ग्रामीण में 20 हजार 995, शहर वृत्त ग्वालियर में 41 हजार 993, अशोकनगर ग्रामीण में 20 हजार 615, दतिया ग्रामीण में 23 हजार 592, रायसेन ग्रामीण में 43 हजार 618, शिवपुरी ग्रामीण में 24 हजार 291, हरदा ग्रामीण में 19 हजार 939, श्योपुर ग्रामीण में 09 हजार 340, मुरैना ग्रामीण में 21 हजार 708 एवं भिण्ड ग्रामीण में 09 हजार 999 बिजली उपभोक्ताओं की केवायसी की गई है।

# पेसा एक्ट के अधिकारों के उपयोग के लिए समुदाय का मार्गदर्शन करें: राज्यपाल




**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों की उपलब्धियां क्रियान्वयन गति को गतिमान करने का संकेत है। उत्साह के साथ नए कीर्तिमान कायम करने की प्रेरणा है। उन्होंने टी.बी. उन्मूलन और सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों में प्रदेश के अग्रणी होने के लिए स्वास्थ्य विभाग को बधाई दी। राज्यपाल पटेल सिकल सेल, टी.बी. उन्मूलन अभियान और पेसा एक्ट क्रियान्वयन पर संबंधित विभागों के मंत्री एवं अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर मंत्री पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम श्री प्रहलाद सिंह पटेल, मंत्री उच्च शिक्षा, आयुष और तकनीकी शिक्षा श्री इंदर सिंह परमार उपस्थित थे। राज्यपालमंगुभाई पटेल ने कहा कि सिकल सेल और टी.बी. रोग उन्मूलन प्रयासों में आधुनिक चिकित्सा पद्धति और पारम्परिक चिकित्सा पद्धतियों में समन्वय किया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग सिकल सेल और टी.बी. उपचार में जुड़े। आयुर्वेद और होम्योपैथी के समानांतर उपचार परिणामों का अध्ययन करे। जन औषधि केन्द्रों में उपलब्ध औषधियों के चिकित्सीय उपयोग और दवाओं के बाजार मूल्य से कम कीमत पर उपलब्धता के संबंध में भी जन जागृति की जाए। उन्होंने स्क्रीनिंग के साथ ही रोगियों और वाहकों को औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उपचार के साथ ही पोषण के लिये आयुष आहार के बारे में सामुदायिक जन-जागृति के प्रयासों को प्रसारित करने की जरूरत बताई है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि जनजातीय बहुल क्षेत्रों में पेसा एक्ट के तहत ग्राम सभाओं को प्राप्त अधिकारों के उपयोग के लिए समुदाय का आवश्यक मार्गदर्शन करना होगा। उनको सुविधाएं और सहयोग प्रदान किया जाना चाहिए।

पेसा एक्ट के तहत नवीन ग्राम सभाओं के गठन के कार्य का विस्तार किया जाए। एक्ट के अनुसार ग्राम सभा के गठन के लिए सामुदायिक जनजागृति को बढ़ाने की जरूरत बताई। इस दिशा में समुदाय को आवश्यक जानकारियां उनके उपयोग के लाभों से परिचित कराने के लिए कहा है। तेंदूपत्ता विपणन कार्य में ग्राम सभाओं की आवश्यक मदद की जाना चाहिए। उन्होंने ग्राम सभा कोष के संबंध में महाराष्ट्र में प्रचलित व्यवस्था का अध्ययन कर प्रदेश में ग्राम सभाओं को राशि उपलब्ध कराने की व्यवस्था बनाने की जरूरत बताई। उन्होंने वन अधिकार अधिनियम के तहत सामुदायिक अधिकारों के आवेदन प्राप्त करने के लिए और अधिक प्रयासों पर बल दिया है। बैठक में जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक खाण्डेकर, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के. सी. गुप्ता, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य गुलशन बामरा, सचिव राजस्व अनुभा श्रीवास्तव, राज्यपाल के अपर सचिव उमाशंकर भार्गव, जनजातीय प्रकोष्ठ की सचिव श्रीमती जमुना भिड़े और सदस्य उपस्थित थे।

## जनसुनवाई में दिव्यांगों को मिला सहारा



**भोपाल।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिले के नागरिकों की समस्याएं सुनने के लिए जनसुनवाई का आयोजन किया। इस दौरान कलेक्टर ने धैर्यपूर्वक हर आवेदक की समस्या सुनी और मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान कर दिया। जनसुनवाई में कुल 125 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर के आदेश पर सामाजिक न्याय निःशक्तजन कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक आर.के. सिंह ने इस्लामपुरा बुधवारा निवासी शाहिद आलम को ट्राई साइकिल और कुमारी रौशनी चौरसिया को व्हीलचेयर प्रदान की।

## 58वें निरंकारी संत समागम का समापन

**संत हिरदाराम नगर।** जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक उपलब्धियों में नहीं बल्कि आत्मिक उन्नति में निहित है। ये उद्गार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने 58वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के तीसरे एवं समापन दिवस पर बड़ी संख्या में उपस्थित मानव परिवार को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। इस तीन दिवसीय समागम का विधिवत रूप में सफलता पूर्वक समापन हो गया। सतगुरु माता ने आगे कहा कि मनुष्य जीवन को इसलिए ऊँचा माना गया है, क्योंकि इस जीवन में आत्मज्ञान प्राप्त करने की क्षमता है। परमात्मा निराकार है, और इस परम सत्य को जानना मनुष्य जीवन का परम लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन एक वरदान है और इसे परमात्मा के साथ हर पल जुड़कर जीना चाहिए। जीवन के हर पल को सही दिशा में जीने से ही हमें आत्मिक सन्तोष एवं शान्ति मिल सकती है, हम असीम की ओर बढ़ सकते हैं। इसके पूर्व समागम के दूसरे दिन सतगुरु माता ने अपने अमृत वचनों में कहा कि जीवन में भक्ति के साथ कर्तव्यों के प्रति जागरुक रहकर संतुलित जीवन जियें। वास्तव में भक्ति और जिम्मेदारियों का निर्वाह का संतुलन तभी सम्भव हो पाता है जब हम जीवन में नेक नीयत, ईश्वर के प्रति निष्काम निरिच्छित प्रेम और समर्पित भाव से सेवा का जज्बा रखें।



## जीनगर समाज के प्रबुद्ध जनों की हुई बैठक

**भोपाल।** जीनगर समाज के प्रबुद्ध जनों की बैठक में सेवानिवृत प्रशासकीय अधिकारी और जीनगर समाज उत्थान ओर प्रोत्साहन समिति के राष्ट्रीय संयोजक स्वरूप सिंह पवार, जीनगर सभा के पूर्व महामंत्री ओम प्रकाश बोराना ओर उद्योगपति पृथ्वीराज चौहान ने वर्तमान समय में समाज की प्राथमिकता विषय पर अपने उद्बोधन देते हुए समाज के सेवा निवृत समाज जनों से देश और सामाज हित में अनुभव साझा करने का आव्हान किया जीनगर ज्योति राष्ट्रीय मंच के संयोजक भगवानदास ढालिया ने स्वयं के विकास से समाज के विकास की परिकल्पना को अनुभव कथन में बताया इस अवसर पर अतिथियों का अजय पवार, राम सिसोदिया, के.एम. खींची,अशोक सांकले, रमेश निर्वाण, घनश्याम पंवार,प्रेम पवार, हरिओम आसेरी,गजेंद्र पंवार,प्रदीप पंवार,संतोष निर्वाण,राजकुमार सांखला,मुरली डाबी,सोनू पंवार, निखिल सोनगरा और गण मान्य जन उपस्थित थे।

## यूनिफाइड पेंशन सिस्टम के विरोध में किया प्रदर्शन



**भोपाल।** राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संघ के आह्वान पर आज राजधानी भोपाल सहित पूरे मध्य प्रदेश में यूनिफाइड पेंशन सिस्टम का विरोध किया गया। प्रदर्शनकारियों ने इस कानून को काला कानून करार देते हुए अपने-अपने कार्यस्थलों पर क्क्र के प्रतीकात्मक पुतले का दहन किया। इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर सरकार पर दबाव बनाना है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि नई पेंशन प्रणाली कर्मचारियों के हितों के खिलाफ है और इसे तुरंत खत्म किया जाना चाहिए।

## हनुमान चालीसा का पाठ करते समय भगवान श्रीराम का नाम अवश्य लेना चाहिए:बसंत चेलानी

संत हिरदाराम नगर। संस्कार विद्यालय में हर मंगलवार को प्रात: प्रार्थना के समय हनुमान चालीस का पाठ का प्रारम्भ किया था। इसी कड़ी में मंगलवार को प्रात: प्रार्थना के समय संस्था के सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, सुरेन्द्र सिंह परमार, राष्ट्रीय संयोजक हिन्दू सेना, दशरथ सिंह ने बच्चों का उत्साह वर्धन करने के लिए उपस्थित हुए और बच्चों के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस अवसर पर संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हनुमान चालीसा का पाठ करते समय भगवान श्री राम का नाम अवश्य लेना चाहिए स्वच्छ तन और मन से पाठ करना चाहिए। हनुमान चालीसा हमेशा शुरू से प्रारम्भ करें बीच के चौपाई से पाठ शुरू न करें। कार्यक्रम में उपस्थित सुरेन्द्र सिंह परमार ने जय श्री राम के नारों के साथ कहा कि हनुमान जी भगवान राम के ऐसे परम भक्त थे कि लंका जाते समय उन्होंने अपने मुंह में राम नाम की मुद्रिका रखी और वे लंका पहुँच गए।



## सामाजिक समरसता और समानता के लिए नवाचारी प्रयास



**भोपाल ।** स्वस्थ और समृद्ध समाज के लिए सभी लोगों में आपसी प्रेम और सौहार्द बहुत जरूरी है। कुंजल वेलफेयर सोसायटी स्वस्थ समाज के निर्माण में सामाजिक समरसता और समानता को अहम मानती है और निरंतर प्रयास करती है। संस्था के प्रयासों से लालघाटी क्षेत्र के बरेला गांव की आंगनबाड़ी में वंचित वर्ग के बच्चों के बीच आज समृद्ध वर्ग की बच्ची आरोही का जन्मदिन मनाया गया। 3-8 आयुवर्ग के 45 बच्चों ने कविता, नृत्य और गीत के माध्यम से अपनी खुशी जताई। आरोही ने अपने चौथे जन्मदिन का केक काटा तो बच्चों ने पूरे उत्साह से बधाई गीत गाया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों ने साथ बैठकर मनपसंद भोजन किया। अजय अग्रवाल और उनके साथियों ने आंगनबाड़ी को खिलौने भेंट किए और सभी बच्चों को गिफ्ट दिया जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खिल गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कुंजल वेलफेयर सोसायटी के कार्यकर्ता अंजली, तनु, प्रियल, सौम्या का विशेष सहयोग रहा। संस्था की निदेशक प्रभा गौर ने सामाजिक समरसता और समानता को बढ़ावा देने वाले इस आयोजन के लिए अग्रवाल दंपति और उनके साथियों का धन्यवाद दिया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रितु यादव और सहायिका जानकी का विशेष सहयोग रहा।

# आदमपुर प्रोसेसिंग प्लांट पर कर्मचारियों के लिए लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

नगर निगम द्वारा अपने कर्मचारियों के बेहतर स्वास्थ्य के दृष्टिगत जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार कराई गई है जिसके तहत आदमपुर छावनी प्रोसेसिंग प्लांट सहित निगम के सभी 15 गार्बेज ट्रांसफर स्टेशनों पर कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं नि:शुल्क जांच व औषधी वितरण हेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार, 28 जनवरी 2025 से प्रारंभ किए गए शिविरों के प्रथम दिन आदमपुर प्रोसेसिंग प्लांट पर कार्यरत कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

आदमपुर प्रोसेसिंग प्लांट पर आयोजित शिविर में डॉ.दीपराज बागरी व उनके सहयोगी चिकित्सकों एवं स्टॉफ के सदस्यों ने लगभग 80 कर्मचारियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया और विभिन्न प्रकार की जांचों सहित नि:शुल्क दवाईयां भी वितरित की। कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निगम के दानापानी गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर बुधवार, 29 जनवरी 2025 एवं गुरूवार, 30 जनवरी 2025 को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जायेंगे और यह क्रम आगामी 05 मार्च 2025 तक जारी रहेगा। नगर निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन के निर्देश अनुसार समय-समय पर निगम के स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच एवं उपचार हेतु सलाह व औषधी वितरण हेतु शिविरों का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में निगम द्वारा जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के समन्वय से निगम के प्रोसेसिंग प्लांट व समस्त गार्बेज ट्रांसफर स्टेशनों सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु मंगलवार को निगम के आदमपुर प्रोसेसिंग प्लांट पर कर्मचारियों के स्वास्थ्य का परीक्षण हेतु आयोजित शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही आंखों की जांच, ब्लड शुगर की जांच, मलेरिया की जांच, स्वास्थ्य संबंधी जांच एवं टी.वी. आदि की जांच की गई और नि:शुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। शिविर में चिकित्सकों द्वारा 80 कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आदमपुर प्रोसेसिंग प्लांट पर निगम के प्रभारी रामलखन लोहिया के समन्वय से आयोजित शिविर डॉ. दीपराज बागरी ने अन्य चिकित्सकों व सपोर्टिंग स्टॉफ के साथ स्वास्थ्य परीक्षण किया और औषधियां वितरित की।




## ऑर्किड्स होशंगाबाद कैंपस, भोपाल एक्सक्लूसिव स्टारगेजिंग की मेजबानी करेगा



**भोपाल ।** ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल इस सप्ताहांत,1 फरवरी शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक एक विशेष स्टारगेजिंग नाइट' के माध्यम से ब्रह्मांड को आपके करीब लाता है, जिसमें जीवन में एक बार होने वाली खगोलीय घटना और शुक्र, मंगल, बृहस्पति, शनि, नेपच्यून, यूरेनस और बुध के दुर्लभ संरेखण का जश्न मनाया जाएगा। ऑर्किड्स होशंगाबाद कैंपस में विभिन्न प्रकार की खगोल गतिविधियों सहित स्टारगेजिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जो सभी छात्रों, परिवारों और खगोल विज्ञान के प्रति उत्साही लोगों को ब्रह्मांड से जुड़ने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल में खगोल विज्ञान के प्रमुख अजीत सिंह अपनी प्रत्याशा साझा करते हैं तारों को देखना सिर्फ़ रात के आसमान को देखने के बारे में नहीं है - यह जिज्ञासा जगाने, वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने और ब्रह्मांड के चमत्कारों से जुड़ने के बारे में है। ग्रहों का यह दुर्लभ संरेखण खगोल विज्ञान और विज्ञान में आजीवन रुचि को प्रेरित करने का एक सही अवसर है।ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल के होशंगाबाद कैंपस की प्रिंसिपल श्रद्धा सिंह ने इस पहल के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया यह खगोलीय घटना, जो 2040 तक फिर से नहीं होगी, इसमें भाग लेने वाले सभी लोगों के लिए आश्चर्य का एक दुर्लभ क्षण प्रदान करेगी।

# नाक रगड़कर माफी मांगे नहीं तो जनता गंगा घाट पर करेंगी कांग्रेस का पिंडदान: रामेश्वर शर्मा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भाजपा विधायक और मध्य प्रदेश के पूर्व प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के महाकुंभ पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का जन्मदाता और नेतृत्व विदेशी है। पार्टी में स्वदेशी भाव पूरी तरह खत्म हो चुका है। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस चीन और पाकिस्तान के इशारे पर काम करने वाली पार्टी है। हात्मा गांधी ने रामराज्य की कल्पना की थी, लेकिन कांग्रेस ने राम को ही नकार दिया। कांग्रेस ने गंगा, राम और गौ माता का अपमान किया है।

रामेश्वर शर्मा ने कहा कि गीता, गंगा और गौ माता भारत की आत्मा है। बीजेपी विधायक ने कहा कि कि कांग्रेस ने इन प्रतीकों पर प्रहार किया है। शर्मा ने मल्लिकार्जुन खड़गे पर निशाना साधते हुए कहा कि उनसे उम्मीद थी कि वह भारत की संस्कृति को समझेंगे, लेकिन उन्होंने भारत की आत्मा का अनादर किया। कांग्रेस नेताओं पर कटाक्ष करते हुए शर्मा ने कहा कि कांग्रेसी रोजा- इफ्तारी और बिरयानी के लिए तो तैयार रहते हैं, लेकिन गंगा में डुबकी लगाने नहीं जाते। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सनातन विरोधी है।



रामेश्वर शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता गंगा घाट पर नाक रगड़कर माफी मांगें। अगर कांग्रेस के नेता ऐसा नहीं करेंगे तो जनता गंगा घाट पर कांग्रेस का पिंडदान कर देगी। शर्मा ने गया के गंगा घाट का जिक्र करते हुए कहा कि लोग वहां पिंडदान करने जाते हैं। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के खिलाफ देशभर में गुस्सा है। कांग्रेस ने गंगा, राम और गौ माता का अपमान कर भारत की संस्कृति को चोट पहुंचाई है।

रामेश्वर शर्मा ने गंगा में डुबकी लगाने से होने वाले फायदे भी गिनाए। बीजेपी विधायक ने कहा कि गंगा में डुबकी से न केवल मोक्ष मिलता है, बल्कि इससे अरबों का व्यापार भी होता है। शर्मा ने कहा कि इससे फूल, अगरबत्ती और नारियल का व्यापार जिंदा है। रामेश्वर शर्मा ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस डुबकी वाले फोटो नहीं खिंचवा सकती क्योंकि उनके बाप पाकिस्तान में बैठे हैं। शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की सोच पूरी तरह से विदेशी हो चुकी है।

**कांग्रेस को सनातन विरोधी:** रामेश्वर शर्मा ने कहा कि सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस सनातन विरोधी पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस रामकृष्ण, गौतम और महावीर जैसे महान विभूतियों का अपमान कर रही है। शर्मा ने कांग्रेस नेताओं पर आतंकवादियों की मौत पर आंसू बहाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का रवैया भारतीय संस्कृति और परंपराओं के खिलाफ है। शर्मा ने जनता से अपील की कि वे कांग्रेस के इस रवैये को समझें और उसे खारिज करें।

**मल्लिकार्जुन खड़गे का विवादित बयान:** मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को महाकुंभ में बीजेपी नेताओं के डुबकी लगाने पर विवादित बयान दिया था। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा था कि बीजेपी नेताओं में गंगा में डुबकी लगाने के लिए होड़ मची है। गंगा में डुबकी लगाने से देश की गरीबी दूर नहीं होगी। खड़गे ने बीजेपी और आरएसएस पर निशाना साधते हुए यह बयान दिया था। खड़गे ने कहा था कि मैं किसी की आस्था को ठेस नहीं पहुंचाना चाहता। वे लोग कहते हैं कि हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग नहीं ढूंढे लेकिन लोगों को ऐसा करने के लिए हमेशा उकसाते रहते हैं।




## विशेष संगोष्ठी और कार्यशाला का आयोजन




भोपाल। शासकीय गीतांजलि कन्या महाविद्यालय नगर कॉलोनी में विद्यार्थी जीवन में नैतिक मूल्यों का महत्व एवं ध्यान पर चर्चा। और भोपाल अकादमी को-एड हायर सेकेंडरी स्कूल नवीन नगर में युवा विकास के लिए ध्यान कार्यशाला शांति का संवर्धन पर विद्यार्थियों के लिए एक विशेष संगोष्ठी और योगा एवं ध्यान कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें पूज्य भंते डॉ. पोनचाई पलवधम्मो पिन्यापोंग अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वर्ल्ड अलायंस ऑफ बुद्धिस्ट्स थाईलैंड मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के जापान दौरे का दूसरा दिन, आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने की होगी पहल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जापान दौरे के दूसरे दिन बुधवार को विभिन्न प्रमुख उद्योगपतियों और संगठनों के साथ महत्वपूर्ण बातचीत करेंगे। भारत की जापान के साथ आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने की पहल होगी। यह दिन प्रदेश में निवेश, व्यापार और औद्योगिक सहयोग को नई ऊंचाई देने के लिए समर्पित रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहली बैठक ईस्ट जापान रेलवे कंपनी और केइदानरेन की दक्षिण एशिया समिति के अध्यक्ष श्री यूजी फुकासावा के साथ होगी। यह बैठक टोक्यो के इम्पीरियल होटल के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित होगी। इसमें रेलवे और परिवहन क्षेत्र में तकनीकी सहयोग और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जेईटीआरओ (जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन) के अध्यक्ष श्री सुसुमु काटाओका से मिलेंगे। यह बैठक जेईटीआरओ के मुख्यालय, आर्क मोरी बिल्डिंग, मिनाटो-कु, टोक्यो में होगी। बातचीत का मुख्य उद्देश्य मध्यप्रदेश में व्यापार और औद्योगिक विकास के लिए अवसर तलाशना और जापान के साथ व्यापारिक संबंधों को सशक्त बनाना रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुंतोरी इंडिया के अध्यक्ष श्री ताकायुकी सन्नो से इम्पीरियल होटल में मुलाकात करेंगे। बैठक में खाद्य और पेय उद्योग में निवेश और सहयोग पर चर्चा की जाएगी। दोपहर में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ब्रिजस्टोन मुख्यालय, क्योबाशी, चुओ-कु, टोक्यो में ब्रिजस्टोन के अधिकारियों से मिलेंगे। बैठक का उद्देश्य ऑटोमोबाइल और टायर उद्योग में तकनीकी साझेदारी और निवेश की संभावनाओं को विस्तार देना होगा।



## महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर होगा गांधी भवन में कार्यक्रम

**भोपाल।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि शहीद दिवस 30 जनवरी को गांधी भवन न्यास द्वारा गांधी भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजन में मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे होगा। इससे पहले सुबह 9 बजे श्रमदान, 9.30 बजे प्रभात फेरी, 10.30 बजे सूत यज्ञ होगा। कार्यक्रम में सर्वधर्म प्रार्थना सभा, श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं गांधी ज्ञान प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार, संपादक एवं लेखक सीके नायडू, अध्यक्षता सचिव हिन्दी भवन न्यास कैलाशचंद पंत एवं मुख्य वक्ता सुरेश तोमर रहेंगे। वह लैगिक समानता और महात्मा गांधी विषय पर व्याख्यान देंगे।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा के मगरदहा घाट का किया निरीक्षण



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपने भ्रमण के दौरान भटलो ग्राम में मगरदहा घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट को साफ-सुथरा कराकर इसके सौन्दर्यीकरण किये जाने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी नेशनल रूरल इम्पायमेंट गारंटी एक्ट के तहत विधायकनिधि, डीएमएफ तथा मनरेगा के सहयोग से वर्ष 2022 में घाट का निर्माण किया गया था। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की जल संरचनाओं को संरक्षित व संबंधित किये जाने की जरूरत है। इस घाट में पर्याप्त जल की उपलब्धता रहती है इसे साफ सुथरा कर इसके सौन्दर्यीकरण किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामवासी भी परिसम्पत्तियों को अपना माने तथा शासन प्रशासन के साथ सहयोग की भावना रखकर ग्रामीण विकास के कार्यों में अपनी भागीदारी निभायें और अपने जिले व प्रदेश को उन्नति के शिखर तक ले जाने में सहयोगी बनें।

# बोर्ड कॉलोनी कॉलेज के 50 छात्र छात्राओं ने नेचर कैम्प में लिया भाग

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के सहयोग से छात्र-छात्राओं का पक्षी अवलोकन एवं नेचर कैम्प आयोजित किया गया। नेचर कैम्प में शासकीय महाविद्यालय बोर्ड कॉलोनी भोपाल के 50 छात्र-छात्राओं और 3 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। नेचर कैम्प में वन, वन्य-प्राणियों के प्रति जागरूकता तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के लिये स्कूली छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया। विषय-विशेषज्ञों द्वारा छात्र-छात्राओं को पक्षी दर्शन, तितली, वन्य-प्राणी दर्शन, वानिकी गतिविधियाँ और पर्यावरण से संबंधित रोचक जानकारी दी गयी। कैम्प में बाघ, तेंदुआ, भालू, मगर, घड़ियाल, चीतल, सांभर और नीलगाय आदि वन्य-प्राणियों का अवलोकन कराया गया। इसके अलावा किंगफिशर, ओपन बिल स्टॉर्क, बुलीनेक स्टॉर्क, कॉर्पोरेट, जकाना, कूट आदि पक्षी और कृत्रिम घोंसले, पक्षियों के पुतले भी दिखाये गये। नेचर कैम्प में स्रोत व्यक्ति के रूप में भोपाल बर्ड्स के मोहम्मद खालिक एवं विजय नंदवंशी द्वारा छात्र-छात्राओं को वन्य-प्राणियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। मिशन लाइफ अंतर्गत पर्यावरण को बचाने के लिये कैम्प में शपथ भी दिलायी गयी। इस अवसर पर वन विहार के संचालक मीना अवधेश कुमार शिव कुमार, सहायक संचालक एस.के. सिन्हा एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 22 स्कूल भवनों का निर्माण पूर्णता की ओर

**भोपाल।** प्रदेश में स्कूली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिये जाने के उद्देश्य से नई शिक्षा नीति-2020 में रोचक एवं आनंददायक शिक्षा दिये जाने की अनुशंसा की गयी है। इस उद्देश्य से सीएम राइज योजना में 9200 विद्यालयों का चयन किया गया है। इन विद्यालयों को दो चरणों में सर्व-संसाधनयुक्त बनाया जा रहा है। योजना के पहले चरण में 274 विद्यालयों में भवन निर्माण की स्वीकृति दी गयी है। इनमें से 22 स्कूल भवनों का निर्माण पूर्णता की ओर है। योजना के दूसरे चरण में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 276 विद्यालयों को सर्व-संसाधन रूप में विकसित करने की स्वीकृति दी गयी है। इस पर तेजी से काम किया जा रहा है। इन विद्यालयों में कक्षा-केजी से कक्षा-12वीं तक पढ़ाई का संचालन किया जायेगा।

## आत्मीय सभा ने समारोह पूर्वक मनाया 76 वां गणतंत्र दिवस

भोपाल। देश - प्रदेश के विभिन्न गांवों शहरों में 76 वा गणतंत्र दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया । इस अवसर पर शहर में विभिन्न शासकीय संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं, मोहल्ला समितियों, स्वयंसेवी संगठनों ने भी झंडा वंदन समारोह के आयोजन किए । इनमें स्थानीय नागरिकों, महिलाओं के साथ ही बच्चों ने भी परम्परागत हर्षोल्लास के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार को समर्पित सामाजिक संस्था आत्मीय सभा की ओर से गणतंत्र दिवस के अवसर पर भोपाल के वार्ड क्रमांक 31 में तुलसी नगर , सेकंड स्टॉप के समीप विशेष समारोह का आयोजन किया गया। समारोह समारोह का आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व विधायक स्व. विष्णु चरण जोशी के निवास पर किया गया जहां एकत्रित महिलाओं , पुरुषों और बच्चों ने उत्साह पूर्वक देशभक्ति के गीतों का गायन किया और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में अपना सर्वांगीण योगदान देने का संकल्प लिया। इस मौके पर राष्ट्रगान का गायन कर भारत माता की जय के नारे लगाए गए ।समारोह के दौरान झंडा वंदन आत्मीय सभा समिति के अध्यक्ष अमिताभ पाण्डेय एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के सदस्य श्रीमती जयंती माला - राजेंद्र जोशी , कुमारी खुशबू जोशी, कर्णिका यतेंद्र जोशी के साथ ही शरद बाथम आदि मौजूद रहे।



## सीएम राइज विद्यालय गोविंदपुरा में विद्यार्थियों के लिए किया कैरियर मेले का आयोजन



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सी.एम. राइज हायर सेकेण्डरी स्कूल गोविन्द्पुरा भेल में विद्यार्थियों की कैरियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस के लिए कैरियर मेले का आयोजन किया गया। संस्था प्राचार्य डॉ. पूनम अवस्थी एवं उप प्राचार्य रेखा श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा प्रत्येक विषय से संबंधित कैरियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस प्रदान करने के लिए स्टॉल लगाए गए एवं विद्यार्थियों को उनके पसंद के विषय चुनने एवं उसमें कैरियर बनाने से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई द्य विद्यालय के अतिरिक्त प्राइवेट संस्थानों जैसे सेज यूनिवर्सिटी , आई इ एस यूनिवर्सिटी, पीपुल्स यूनिवर्सिटी, मित्तल कॉलेज शासकीय आई टी आई गोविंदपुरा आदि संस्थानों से आमंत्रित किए गए प्राध्यापको एवं विशेषज्ञों ने भी विद्यार्थियों को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया द्य उपरोक्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अति उत्साह के साथ भाग लिया एवं अपने कैरियर के विषय में खुलकर प्रश्न पूछे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संगीता ठाकुर असिस्टेंट डायरेक्टर सीएम राइज सेल, भोपाल एवं विशेष अतिथि वृंदावन वैष्णव एवं हेमंत श्रीवास्तव ओ.एस.डी लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल,ने सभी स्टॉल्स का अवलोकन किया एवं विद्यार्थियों से कैरियर के बारे में वार्तालाप किया। गेस्ट स्पीकर्स में अम्बरीश शुक्ला सी.ए प्रशांत दीक्षित ट्रेनिंग ऑफिसर शासकीय संभागीय आई.टी.आई. गोविंदपुरा, नूपुर श्रीवास्तव प्राचार्य अपेरल ट्रैनिंग एंड डिजाइन आई टी आई गोविंदपुरा ने भी मंच से विद्यार्थियों को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया । कार्यक्रम में समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## लघु उद्यमियों को सफलता की राह दिखाएगी पुस्तक बिग कंट्री, लिटिल बिज़नेस




**भोपाल।** भारतीय लघु-उद्यमियों और छोटे व्यवसायों के लिए मार्गदर्शिका पुस्तक बिग कंट्री, लिटिल बिज़नेस का लोकार्पण बुधवार को किया गया। यह पुस्तक भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बने छोटे व्यवसार्यो के सामने आने वाली चुनौतियों का गहन अध्ययन प्रस्तुत करती है। इसे प्रतिष्ठित लेखक, सामाजिक उद्यमी, शिक्षाविद एवं आईसेक्ट समूह के चेयरमैन संतोष चौबे, बिजनेस लीडर, शिक्षाविद एवं स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी और इंफ्लूएंसर, कोच, लेखिका, शिक्षाविद और आईसेक्ट की एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट डॉ. पल्लवी राव चतुर्वेद द्वारा संयुक्त रूप से लिखा गया है। आईसेक्ट की 40 साल की यात्रा के अनुभव एवं 40 उद्यमियों के सफलता सूत्रों को भी पिरोया गया है। पुस्तक में छोटे उ?द्यमों को सफलता की राह दिखाने के लिए व्यावहारिक सुझाव, रणनीतियां और 100 से अधिक बिज़नेस आइडियाज़ शामिल किए गए हैं। पुस्तक लॉन्च के अवसर पर लेखकों ने अपने अनुभव और इस पुस्तक को लिखने के पीछे की प्रेरणा साझा की। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों का स्वागत किया गया जिसके बाद लेखकों ने पुस्तक के मुख्य बिंदुओं और उ?द्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर श्री संतोष चौबे ने कहा, भारत में आज 90 प्रतिशत स्टार्टअप टियर 2 एवं टियर 3 शहरों से आ रहे हैं ऐसे में छोटे व्यवसायों को लेकर बहुत संभावनाएं हैं, लेकिन उनके सामने कई चुनौतियां भी हैं।

# हमारी प्रतिबद्धता जनता के विश्वास के प्रति है: राज्यमंत्री कृष्णा गौर

## गोविंदपुरा क्षेत्र में 1 करोड़ 19 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि हमारी प्रतिबद्धता जनता के विश्वास के प्रति है। परमपिता परमेश्वर के आशीर्वाद और विधानसभा क्षेत्र की जनता का विश्वास ही है कि हम लगातार विकास कार्य कर रहे हैं। यह बात उन्होंने मंगलवार को वार्ड-63 में 1 करोड़ 19 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन के दौरान कहीं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने गुरुनानक पब्लिक स्कूल पिपलानी, भेल में साइंस पार्क के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कहा कि, विज्ञान पार्क बनने से बच्चों की साइंस क्षमता बढ़ेगी, बच्चों की जिज्ञासा शांत होगी और नई टेक्नोलाजी से समृद्ध होने का अवसर भी मिलेगा। वार्ड-63 के चांदमारी झुग्गी बस्ती में 9 लाख 66 हजार की लागत से सड़क, आरसीसी नाली और पाइप कल्वर्ट निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। क्षेत्र की जनता से संवाद करते हुए पीने के पानी की सप्लाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। 50 क्वार्टर झुग्गी बस्ती में सीसी सड़क व आर सीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया, जिसकी लागत 9 लाख 98 हजार रुपए है। 60 क्वार्टर व 100 क्वार्टर झुग्गी बस्ती, शिवनगर झुग्गी बस्ती पिपलानी में सीसी सड़क निर्माण कार्य क्रमशः 20 लाख और 21 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। इसी तरह शिवनगर में शासकीय स्कूल के पास सीसी सड़क का निर्माण 21 लाख 18 हजार रुपए की लागत से किया जाएगा। शासकीय स्कूल ए-सेक्टर पिपलानी में पेवर ब्लॉक एवं शेड लगाने का कार्य 19 लाख 95 हजार की लागत से किया जाएगा। इस दौरान पार्षद शिवलाल मकोरिया, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र थोटे के साथ जनप्रतिनिधि व सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# महाकुंभ में भगदड़..

मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर पुण्य स्नान की होड़ भगदड़ में बदल गई और इसमें कई श्रद्धालुओं की जान चली गई। असल में प्रयागराज के संगम तट पर मंगलवार-बुधवार की रात करीब डेढ़ बजे भगदड़ मच गई। हादसे में बीस से अधिक लोगों की मौत की खबर है। 50 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हैं। अभी ये शुरुआती जानकारी है, आंकड़ों में बदलाव हो सकता है और यह भी हो सकता है कि एकदम सही जानकारी सामने न आये।

बताया जा रहा है कि भीड़ के अत्यधिक दबाव के कारण से हालात बिगड़ गए। भीड़ अधिक होने के कारण कुछ श्रद्धालु गिर गए। जिसके बाद वहां भगदड़ मच गई। भगदड़ की घटना के बाद पुलिस और प्रशासन हरकत में आया। तुरंत ही राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। देर रात करीब दो बजे संगम तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देखते ही देखते मौके



पर स्थिति बेकाबू हो गई। कुछ लोग गिरे तो भगदड़ की स्थिति पैदा हो गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। लोगों का सामान छूट गया।

प्रत्यक्षदर्शी बता रहे हैं कि अचानक भीड़ उमड़ी और धक्का-मुक्की होने लगी। इस दौरान कई लोग गिर गए। लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना पिलर नंबर 155 पर हुई। लोग चिल्ला रहे थे। हम लोग विवश थे, किसी की बचा नहीं पाए। भीड़ के कारण ऐसा हुआ। स्नान घाट के पास भीड़ में बेचैनी के चलते कुछ महिलाएं बेहोश होकर गिर गईं। इसके बाद मची अफवाह से लोग एक दूसरे को कुचलते हुए भागने लगे।

यह भी बताया जा रहा है कि संगम नोज पर एंट्री और एग्जिट के रास्ते अलग-अलग नहीं थे। लोग जिस रास्ते से आ रहे थे, उसी रास्ते से वापस जा रहे थे। ऐसे में जब भगदड़ मची तो लोगों को भागने का मौका नहीं मिला। वे एक-दूसरे के ऊपर गिरते गए। हादसे के बाद 70 से ज्यादा एम्बुलेंस संगम तट पर पहुंचीं। इनसे घायलों और मृतकों को अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बाद संगम तट पर हृस्त्र कमांडो ने मोर्चा संभाल लिया। संगम नोज इलाके में आम लोगों की एंट्री बंद कर दी गई। भीड़ और न बढ़े, इसलिए प्रयागराज से सटे जिलों में श्रद्धालुओं को रोक दिया गया है। वहां प्रशासन को अलर्ट कर दिया गया है।

असल में महाकुंभ में आज मौनी अमावस्या का स्नान है, जिसके चलते करीब 9 करोड़ श्रद्धालुओं के शहर में मौजूद होने का अनुमान है। प्रशासन के मुताबिक, संगम समेत 44 घाटों पर आज देर रात तक 8 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का अनुमान है। मंगलवार को साढ़े 5 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। पूरे शहर में सुरक्षा के लिए 60 हजार से ज्यादा जवान तैनात हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु संगम पर ही स्नान करने की न सोचें। गंगा हर जगह पवित्र है, वे जहां हैं उसी तट पर स्नान करें। उधर, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि वीआईपी कल्चर और सरकार की बदइंतजामी के कारण भगदड़ मची है। अमृत स्नान की वजह से ज्यादातर पांटून पुल बंद थे। इसके कारण संगम पर पहुंचने वाली करोड़ों की भीड़ इकट्ठा होती चली गई। जिससे बैरिकेड्स में फंसकर कुछ लोग गिर गए। यह देखकर भगदड़ की अफवाह फैल गई। प्रयागराज में वर्तमान में हालात नियंत्रण में हैं, लेकिन भीड़ का दबाव बहुत बना हुआ है। संतों के साथ भी मेरी बात हुई है। उन्होंने बड़ी विनम्रता से कहा है कि पहले श्रद्धालु स्नान करके निकल जाएंगे, उसके बाद ही हम लोग संगम स्नान के लिए जाएंगे। सभी अखाड़े इसके लिए सहमत हैं।

धर्म गुरुओं ने भी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सभी संगम में स्नान के बजाय निकटतम घाट पर स्नान करें। लोग अपने शिविर से बाहर न निकलें। अपनी और एक दूसरे की सुरक्षा करें। सभी अखाड़ों और श्रद्धालुओं से अफवाहों से बचने का आह्वान किया गया है। आवश्यक नहीं है कि संगम नोज की तरफ ही आएं। 15-20 किलोमीटर के दायरे में अस्थाई घाट बनाए गए हैं, आप जहां हैं, वहीं पर स्नान करें।

हमारे धार्मिक समागमों में भगदड़ की घटनाओं का बढ़ना अप्रत्याशित नहीं है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है। असल में हम हर काम में होड़ करने लगते हैं। महाकुंभ में लोग पुण्य प्राप्ति के लिये जा रहे हैं। पवित्र स्नान इसका प्रमुख माध्यम है। लेकिन यह भी सोचना होगा कि इस होड़ के चलते कितने लोग हताहत हो जाते हैं? कितने लोग बिछड़ जाते हैं? कितने घायल हो जाते हैं? इसमें प्रशासन की कितनी गलती है, यह तो नहीं कह सकते, परंतु सबसे बड़ी गलती भीड़ की ही होती है। हम बिना सोचे-समझे एक अफवाह पर दौड़ लगाने लगते हैं। हम ये भी नहीं देखते कि इस भगदड़ में कितने लोग हमारे पांवों की नीचे आ रहे हैं। कितने लोग कुचल रहे हैं। हम बेतहाशा भागते रहते हैं, अपने बचाव के लिए। और इसी के चलते अधिकांश लोगों की मौत होती है।

पुण्य के लिए गये और न जाने कितना पाप कर बैठे? बिल्कुल यही होता है। भगदड़ भले ही प्रायोजित नहीं होती, पर कहीं न कहीं हम इस पाप के भागीदार तो बन ही जाते हैं। धार्मिक आयोजनों में इससे केवल तभी बचा जा सकता है, जब हम संयम से काम लें। हमारे धर्मुगुरू भी यही कहते आए हैं, आज भी कह रहे हैं, हम सुनें तो। नहीं सुनेंगे तो पुण्य तो नहीं मिलेगा। शासन-प्रशासन और दूसरों पर जिम्मेदारी डालने के बजाय अपने दोष देखें। अपनी गलती देखें और उसे सुधारें। यह सबसे बड़ा धर्म है।

# दिल्ली का चुनावी कुरुक्षेत्र



**राकेश शर्मा**

दिल्ली के चुनावी कुरुक्षेत्र में सभी पार्टियों की सेनाएं अपने अपने शस्त्र अस्त्र लेकर वार प्रतिवार कर रहीं हैं। मुख्य रण भाजपा और आप के बीच हो रहा है, कांग्रेस ने प्रारंभ में चुनाव गंभीरता से लड़ने के लक्षण दिखाए थे लेकिन ना जाने अदृश्य संकेतों के बाद कांग्रेसी लगभग शांत हो गए है और लड़ने के लिए आप और भाजपा को छोड़ दिया है । वरना क्या कारण है की राहुल के अचानक बीमार होने पर प्रियंका सहित कांग्रेस के अन्य बड़े नेता भी कहाँ ग़ायब हैं । ऐसे हथियार डालने से तो कांग्रेस ने दिल्ली में हमेशा के लिए वाक ओवर ही दे दिया है।

भाजपा और आप के बीच चुनावी रण महाभारत के युद्ध की तरह दिख रहा है । जहाँ केजरीवाल दुर्योधन की तरह हर प्रकार का छल, झूठ, भ्रम, कुटिलता, फरेब अपनी सेना सहित फैला रहा है और उधर भाजपा पांडवों की तरह मोदी रूपी अपने सारथी की बदौलत मैदान में डटी है ।

झूठ का ताज़ा उदाहरण कल की घटना में देखा जा सकता है जिसमें केजरीवाल और इसकी अस्थायी मुख्यमंत्री आतिशी ने यह कहकर दिया की हरियाणा से जो पानी आ रहा है उसमे ज़हर मिला कर भेजा जा रहा है जिससे दिल्ली के लोग मर जायें। यह कैसी गिरी हुई राजनिति है जहाँ जनता में भय फैलाया जा रहा है जिससे इन्हें कुछ वोट मिल सकें ।इसका इनके पास कोनोरूफ़ है तो दिखाते



क्यों नहीं ।

केजरीवाल को गंभीरता से सोचना चाहिए की पिछले दस वर्ष में झूठ, फरेब और मक्कारी के अलावा दिल्ली वालों को क्या दिया है। अब यह भी झूठ बोल दिया की भाजपा के सब वायदे झूठे हैं और यदि जीत गए तो मैंने जो दिया है वह भी वापस ले लेंगे । राजनीति तो ठीक है लेकिन आक्रांत और झूठा भय फैलाना कौन सी निम्नतम स्तर की राजनीति है ?

टीवी पर आकर हर रोज़ भोला सा मुँह बनाकर ऐसी ऐसी नौटंकी करता है जिसे सामान्य व्यक्ति सोच भी नहीं सकता ।एक दिन तो अपने आप को दी गई बातों का ज़िक्र करते हुए कहा मैं यह सब हो सकता हूँ लेकिन आपका बेटा हूँ इसलिए मुझे वोट देना।अरे कोर्ट के निर्देशानुसार आप तो मुख्यमंत्री का काम कर ही नहीं सकते तो अपने नाम से कौन सा वोट माँग रहे हो ।

इसकी भोंडी हरकतें ग़रीब जनता सहित सारी दिल्ली जानती है लेकिन ग़रीब बेचारे फ़्री बिजली पानी के चक्कर में इसके सारे कारनामे सह रहे हैं। गैस चैम्बर में रहते हुए , प्रदूषण सहते हुए अपने फेफड़े ख़राब करवा रहे हैं, कैंसर जैसी असाध्य बीमारियों को निमंत्रण दे रहे है, बीपी , सुगर तो साधारण है । फ़्री के बिजली पानी के चक्कर में अपनी जान गवाने को मजबूर हैं।

2020 में कहा था की यदि मैं 2024 तक यमुना साफ़ नहीं कर पाया तो मुझे वोट मत करना । यमुना में झाग और ज़्यादा हो गया है तब यह किस मुँह से वोट माँग रहा है, पीने का पानी के बड़े बड़े वायदे कर रहा है लेकिन अभी जरा सी गर्मी पड़ेगी तो पानी ग़ायब और फिर वही पानी के लिए मारधाड़, लड़ाई झगड़े, टैंकर माफिया यही तो दिया है फ़्री पानी के वायदे के नाम पर । जो पानी आता भी है वह भी काला, पीला और गंदगी से भरा। ना स्कूल ठीक, मोहल्ला क्लिनिक में भ्रष्टाचार, जल विभाग में भ्रष्टाचार, शराब घोटाला, शीश महल घोटाला सब घोटाला ही घोटाला ।

झूठ का तो जैसे ख़ान ही है जैसे केजरीवाल । अपने बच्चों की कसम खाकर कहा था की ना भाजपा और ना कांग्रेस से सहयोग लूँगा, कांग्रेस के सहयोग से 2013 में सरकार बनाई, फिर कांग्रेस के साथ इंडी गठबंधन में भी है, कहा था छोटे घर में रहूँगा और सौ करोड़ के शीश महल में रहा, सिक्योरिटी नहीं लूंगा ज़ेड प्लस सिक्योरिटी में चलता है बल्कि पंजाब की सिक्योरिटी भी लगाई हुई थी जो चुनाव आयोग के कहने पर हटाई, वैगन आर में चलूँगा अब महँगी कारों के क़ाफ़िले में चलता है। हर नेता के बारे में झूठ बोलता है फिर न्यायालय में माफ़ी माँगता है ।

अब ग़रीब जनता ने इसके मुक़ाबले सारी सुविधाओं का वायदा कर दिया है बल्कि इससे ज़्यादा ही किया है इसलिए यदि प्रदूषण मुक्त दिल्ली, यमुना, गड्ढे मुक्त सड़कें, भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिल्लीवासी चाहते हैं तो केजरीवाल से मुक्ति पाकर इस बार बदलाव करना चाहिए वरना फिर पाँच सालों के लिए आप के अत्याचारों के लिए तैयार होना होगा । चुनाव आपके हाथ में है की आप कैसी दिल्ली चाहते हैं ।

# अपनी पहचान खोती 'मनरेगा'

**-राकेश दुबे**

ग्रामीण अजीविका के लिये जीवन रेखा कही जाने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एक बार फिर धन की कमी से जूझ रही है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस शासन में शुरू की गई मनरेगा योजना राजग सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल नहीं है।

यध्यपि दो राय नहीं कि ग्रामीण क्षेत्रों में दृश्य व अदृश्य बेरोजगारी में कमी लाने में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस योजना ने जहां एक ओर ग्रामीण उपभोक्ताओं को अपने गांव के पास रोजगार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है, वहीं अंतर्राज्यीय प्रवास को कम किया है, साथ ही ग्रामीण उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति भी बढ़ी है।

काम की तलाश में शहरों को जाने वाले श्रमिकों की संख्या में कमी के भी आंकड़े सामने आए हैं। खासकर कोरोना संकट में जब ग्रामीण महानगरों से पलायन करके बड़ी संख्या में गांव की तरफ लौटे तो इस योजना ने जीवनदायिनी भूमिका निभाई है।

वार्षिक वित्तीय संकट से जूझ रही मनरेगा योजना के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2024-25 में 86,000 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। इसके बावजूद 4,315 करोड़ मूल्य का वेतन भुगतान लंबित है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 में इस योजना के केवल छह माह में ही 6,146 करोड़ का घाटा हुआ था। इसी तरह वर्ष 2022-23 में 89,400 करोड़ का संशोधित धनराशि का आवंटन मूल बजट से 33 प्रतिशत अधिक था।



ग्रामीण श्रमिकों के लिये लायी गई मनरेगा योजना की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिये वार्षिक राशि आवंटन को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। जो केंद्र सरकार की वित्तपोषण की प्राथमिकताओं को लेकर कई प्रासंगिक प्रश्न उठाती है। इस योजना के क्रियान्वयन में वित्तीय तंगी तंत्र की विसंगितयों को ही दर्शाती है। कांग्रेस ने मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी को बढ़ाकर 400 रुपये प्रतिदिन करने की मांग की है। यह मांग महंगाई के बीच एक स्थायी समाधान के बजाय एक राजनीतिक दृष्टिकोण को ही दर्शाती है।कांग्रेस की यह मांग राजनीतिक लाभ के लिये एक लोकप्रिय कदम तो हो सकता है, मगर यह योजना की मूल समस्या के कारकों को संबोधित करने में विफल रहती है।

मौजूदा वक्त में प्राथमिकता समय पर पर्याप्त धन आवंटन करने तथा प्रणालीगत विसंगतियों को दूर करना होनी चाहिए। भुगतान के लिये अपनायी गई प्रणाली से श्रमिकों को भुगतान में परेशानी आती रही है। आधार कार्ड आधारित भुगतान की ब्रिज प्रणाली और राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली जैसे तकनीकी कारकों ने भुगतान की उलझनों को बढ़ाया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की कनेक्टिविटी की बाधाओं और आधार सत्यापन की आवश्यकताओं के कारण बड़े पैमाने पर जॉब कार्ड हटाए गए हैं। यही वजह है कि अनेक कारणों के चलते वर्ष 2022 में करीब नौ करोड़ श्रमिकों ने इस योजना तक अपनी पहुंच खो दी है। हालांकि, इस प्रणाली को पारदर्शिता बढ़ाने के उपायों के रूप में प्रचारित किया गया। लेकिन ये कदम लाखों श्रमिकों के लिये आजीविका के मार्ग में बाधा बन गए। उल्लेखनीय है कि मनरेगा को ग्रामीण परिवारों के लिये आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये एक मांग संचालित योजना के रूप में तैयार किया गया था। मनरेगा ने ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी के संकट को ही उजागर किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती काम की मांग और शहरी क्षेत्रों में नौकरियों की कमी के संकेत लगातार मिलते रहे हैं। निस्संदेह, गांवों में गरीबी उन्मूलन में मनरेगा के योगदान को कम करके नहीं आंका जा सकता।

आसन्न बजट में इस योजना से जुड़ी विसंगतियों को दूर करने के लिये गंभीर प्रयास की जरूरत है। सरकार को मनरेगा के लिये एक व्यावहारिक बजट बनाना चाहिए। साथ ही योजना के पारदर्शी क्रियान्वयन के लिये प्रशासनिक बाधाओं को दूर करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। निर्विवाद रूप से मनरेगा में मांग के अनुपात में धन का आवंटन लगातार कम हो रहा है। यही वजह है कि फंड की कमी के चलते वर्ष के मध्य में अनुमानित संकट पैदा हो रहा है। जो नीति नियंताओं के इसके क्रियान्वयन के संरचनात्मक अंतर को दर्शाता है। निस्संदेह, इस नीतिगत विसंगति को दूर किया जाना चाहिए।

# राज - काजः वीडी, हेमंत, अरविंद या कोई और, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पर फैसला शीघ्र





**दिनेश निगम 'त्यागी'**

भाजपा में जिलाध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन की तैयारी शुरू हो गई है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पहले ही निर्वाचन अधिकारी घोषित किया जा चुका है। मौजूदा अध्यक्ष वीडी शर्मा खुद पद पर बने रहना चाहते हैं। इसके लिए वे प्रयास भी कर रहे हैं लेकिन चूंकि उन्हें एक एक्सटेंशन मिल चुका है, इसलिए उनकी संभावना कम है। वीडी के अलावा आधा दर्जन से ज्यादा नेता प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में शामिल हैं। इनमें हेमंत खंडेलवाल का नाम सबसे आगे चल रहा है। अन्य दावेदारों में अरविंद भदौरिया, गोपाल भार्गव, नरोत्तम मिश्रा, फग्गन सिंह कुलस्ते, लता वानखेड़े, दुर्गादास उयके और नीता पटैरिया आदि का नाम शामिल है।

**मुख्यमंत्री की पसंद को मिलेगी तवज्जो**

प्रदेश भाजपा में करीब 18 साल बाद सत्ता का चेहरा बदला है। शिवराज सिंह चौहान की जगह डॉ मोहन यादव को कमान सौंपी गई है। माना जा रहा है कि अब संगठन में होने जा रहे बदलाव में भी डॉ?यादव की मर्जी को प्रमुखता दी जाएगी। भाजपा के हर दौर में संगठन और सरकार का समन्वय सबसे बड़ी चुनौती रहा है। लिहाजा पार्टी चाहती है कि दो साल बाद होने वाले नगरीय निकाय के चुनाव और करीब 4 साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव तक पार्टी संगठन और सरकार में समन्वय के साथ मजबूत बनी रहे। पार्टी?के केंद्रीय नेतृत्व ने चूंकि डॉ यादव का मुख्यमंत्री के तौर पर चुनाव किया है, इसलिए वह चाहेगा कि वे सफल हों। इसके लिए पहली जरूरत है सरकार और संगठन के बीच तालमेल। इसलिए डॉ?यादव की पसंद का ख्याल रख कर प्रदेश अध्यक्ष का फैसला हो सकता है।

**भाजपा में समय के साथ बढ़ रहे दावेदार**

पूर्व में घोषित कार्यक्रम के अनुसार 5 जनवरी के बाद प्रदेश अध्यक्ष के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरू होना थी क्योंकि इससे पहले जिलाध्यक्षों का निर्वाचन पूरा हो जाना था। जिलाध्यक्ष समय पर नहीं चुने जा सके, इसलिए प्रदेश अध्यक्ष चुनाव का समय बढ़ता गया। इसकी वजह से पद के दावेदारों की तादाद भी बढ़ती गई। अब प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कभी भी हो सकता है। अभी तक सबसे मजबूत नाम इस दौड़ में हेमंत खंडेलवाल का माना जा रहा है। बैतूल से विधायक हेमंत खंडेलवाल इस दौड़ में सबसे आगे हैं। लो प्रोफाइल नेताओं में उनकी गिनती होती है। वे संघ की भी पसंद बताए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भी उनके नाम पर एतराज नहीं है। खंडेलवाल के पीछे दूसरे नंबर पर सबसे मजबूत अरविंद भदौरिया को बताया जा रहा है।

**ब्राह्मण नेताओं में गोपाल-नरोत्तम सबसे ऊपर**





वीडी शर्मा के स्थान पर यदि किसी ब्राह्मण नेता के नाम पर विचार हुआ तो सबसे वरिष्ठ गोपाल भार्गव और पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा में से किसी को मौका मिला सकता है। भार्गव कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के समय नेता प्रतिपक्ष रहे हैं। लगातार 9 वीं बार जीत के बावजूद उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया जा सका। गोपाल को मौका मिलने पर सागर में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के बीच छिड़ी जंग शांत हो सकती है। वहीं नरोत्तम केंद्रीय मंत्री अमित शाह की पसंद हैं। इस समय वे किसी पद पर नहीं है लेकिन देश में कहीं भी चुनाव हो, जवाबदारी देकर उन्हें महत्व दिया जाता है। इस समय वे दिल्ली में चुनाव प्रचार पर हैं।

**महिलाओं में लता वानखेड़े और नीता पटैरिया दावेदार**





भाजपा पिछले कुछ समय से महिला मतदाताओं पर ज्यादा फोकस कर रही है। लाड़ली बहना योजना पार्टी?की जीत में प्रमुख भूमिका निभाती दिख रही है। ऐसे में भाजपा नेतृत्व किसी महिला नेत्री को प्रदेश में पार्टी?की कमान सौंप सकती है। यदि ऐसा हुआ तो सागर से सांसद लता वानखेड़े और सिवनी की पूर्व?सांसद नीता पटैरिया प्रमुख दावेदार के तौर पर उभरी हैं। लता वानखेड़े के पास लगातार जवाबदारी रही है। वे महिला आयोग अध्यक्ष के साथ महिला मोर्चा?की प्रदेश अध्यक्ष भी रही हैं। दूसरी तरफ नीता पटैरिया सांसद और विधायक रही हैं। भाजपा में एक लॉबी उनका नाम आगे बढ़ा रही है।

**आदिवासी वर्ग में फग्गन सहित तीन नेता सक्रिय**



प्रदेश भाजपा के आदिवासी नेता भी प्रदेश अध्यक्ष को लेकर लंबे समय से उम्मीद लिए बैठे हैं। भाजपा की नजर इस वर्ग पर भी है क्योंकि इसका कांग्रेस मोह कभी भी जाग सकता है। इसे रोकने के लिए भाजपा पार्टी?के किसी आदिवासी चेहरे को प्रदेश की कमान सौंप सकती है। आदिवासी दावेदारों में सबसे पहला नाम सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का है। वे कई बार से प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में शामिल रहे हैं। इनके अलावा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी और केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके का नाम भी चर्चा में शामिल है।

# पीएस की जिद और दस्तखत का झमेला



**आनंद शर्मा**

जीवन में कई बार जब आप बड़े असमंजस में उलझे हों , तो एक साधारण सी सीख भी आपको कई समस्याओं से निकाल सकती है, इसलिए हितैषियों का आपके जीवन में बड़ा महत्व होता है। बात बड़ी पुरानी है, तब मैं परिवहन विभाग में उपायुक्त प्रशासन के पद पर था और हमारे प्रमुख सचिव थे श्री मलय रॉय। परिवहन विभाग का मुख्यालय ग्वालियर में है जहाँ परिवहन आयुक्त और विभाग का पूरा अमला बैठता है और विभाग के प्रमुख सचिव भोपाल मंत्रालय वल्लभ भवन में। सरकारी कामकाज के सिलसिले में प्रमुख सचिव के पास मुझे अक्सर भोपाल जाना पड़ता था। मलय रॉय बड़े ईमानदार और मेहनती अधिकारी माने जाते थे और परिवहन विभाग में उनकी बड़ी धाक हुआ करती थी, पर जब किसी बात पर वे नाराज़ हो जायें, तो उन्हें समझाना मुश्किल हुआ करता था।

प्रशासनिक कामकाज के अलावा वाहनों के परमिटों पर भी अंतिम मुहर प्रमुख सचिव की ही लगा करती थी। दो राज्यों की सीमा में आने वाले मुख्य मार्गों के वाहन परमिट, परिवहन विभाग में दो राज्यों के बीच हुए परस्पर करार के आधार पर जारी हुआ करते हैं और एक राज्य द्वारा जारी किया गया परमिट दूसरे राज्य की प्राधिकृत अधिकारी के प्रतिहस्ताक्षर के बाद ही वैध होता है। मध्यप्रदेश में ऐसा प्राधिकार परिवहन विभाग की एक समिति को था जिसमें परिवहन आयुक्त सदस्य और प्रमुख सचिव अध्यक्ष हुआ करते थे । एक बार की बात है, महाराष्ट्र से एक परमिट करार की शर्तों के विपरीत जारी हो गया। ग्वालियर मुख्यालय में जब वो वाहन परमिट प्रतिहस्ताक्षर के लिए पेश हुआ तो मैंने परिवहन विभाग के हमारे आयुक्त को पूरी स्थित बतायी और निवेदन किया की परमिट करार की शर्तों के बाहर यानी आउट ऑफ़ रेसीप्रोकल एग्रीमेंट है इसलिए इस पर प्रतिहस्ताक्षर होना संभव नहीं है। परिवहन विभाग में श्री रमन कक्कड़ आयुक्त हुआ करते थे, वे मेरी बात से सहमत हुए और मैंने उनके माध्यम से सचिव की हैसियत से टिप्पणी लिख कर फाइल प्रमुख सचिव के अनुमोदन हेतु तैयार कर दी।

अक्सर सप्ताह में एक या दो बार ऐसी सभी जरूरी नस्तियों के अनुमोदन के लिए हम भोपाल जाया करते थे। इस बार जब मैं फाइल लेकर प्रमुख सचिव का अनुमोदन लेने भोपाल पहुंचा तो फाइल पर हमारी टीप उन्होंने अनुमोदित तो कर दी पर ना जाने क्यों नाराज़ हो कर बोले कैसे अधिकारी हैं, बिना देखे परमिट जारी कर देते हैं? इनका स्पष्टीकरण लीजिए । मैंने उस समय तो कुछ नहीं कहा पर ये सोच कर फाइल में आगे कार्यवाही नहीं की कि हम प्रतिहस्ताक्षर करने से मना कर तो रहे हैं, इससे परमिट चल तो पाएगा ही नहीं और जारीकर्ता तो महाराष्ट्र के परिवहन आयुक्त हैं उनका स्पष्टीकरण कैसे लें?

कुछ दिन बाद किसी काम से मैं भोपाल जा रहा था तो ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर प्रमुख सचिव का फोन आया, कि आपने स्पष्टीकरण वाली फाइल पुटअप नहीं की है? मैंने अपना संशय बताया तो वे नाराज़ होने लगे कि आप को क्या करना आप तो फाइल पुटअप करो। बातचीत में कुछ तल्खी लगी तो पास में खड़े रमन कक्कड़ साहब बोले क्या बात है, क्या हुआ? मैंने कहा साहब मान ही नहीं रहे हैं, पर आप ही कहें दूसरे राज्य के प्रमुख सचिव स्तर के आई.ए.एस. अफ़सर का स्पष्टीकरण हम कैसे ले सकते हैं? कक्कड़ साहब बोले अरे आप क्यों टेंशन ले रहे हो, आप तो मज़े लो कि अरे ऐसा भी हो सकता है, कि एक राज्य का प्रमुख सचिव दूसरे राज्य के प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी का स्पष्टीकरण भी ले सकता है। इस एक वाक्य से मेरा दिमाग एकदम शांत हो गया। मैं वापस परिवहन मुख्यालय गया, फाइल निकाल कर स्पष्टीकरण का ड्राफ्ट तैयार किया और फाइल भोपाल भेज दी। ये और बात है कि वो फाइल कभी हस्ताक्षर होकर वापस नहीं आयी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्पलेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# केंद्र में 3 आईएएस अधिकारी संयुक्त सचिव पद के लिए इंपैनल्ड




नई दिल्ली॰मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (ACC) ने भारत सरकार में संयुक्त सचिव/संयुक्त सचिव समकक्ष स्तर के पदों के लिए 3 IAS अधिकारियों के पैनल को मंजूरी दे दी है। जिन नामों को इंपैनल्ड किया गया है वे हैं- एस.ए. मुरुगेसन , केएम पांडुरंग , चन्द्र शेखर खरे ।

# जनसुनवाई में 123 आवेदनों पर हुई सुनवाई, कलेक्टर ने दिव्यांगों की समस्याओं को अलग से सुना



छतरपुर। मंगलवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, एसडीएम अखिल राठौर एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे और व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुड़े रहे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त 123 आवेदनों के निराकरण में गंभीरता बरतें और प्राथमिकता से निराकरण करें। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया। तत्पश्चात कलेक्टर ने दिव्यांगों की सुनवाई अलग से की। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए।

# विधायक अचानक पहुंची ललोनी तिराहा ट्रैफिक चेकिंग प्वाइंट परकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशान न करने के दिए निर्देश

छतरपुर। छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव आज दोपहर अचानक सागर रोड स्थित ललोनी तिराहा में ट्रैफिक पुलिस के चेकिंग प्वाइंट पर पहुंच गईं। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस को कुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशान न करने के निर्देश दिए। विधायक श्रीमती ललिता यादव को वसूली एवं प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में जाने वाले लोगों को परेशान करने की सूचना मिली थी। जिससे वे मौके पर जा पहुंची। विधायक के पहुंचने पर ललोनी तिराहा पर वाहनों की लाइन लगी मिली। उन्होंने यात्रियों से बात कर उनकी परेशानी भी पूछी। विधायक ने ट्रैफिक पुलिस को निर्देशित किया कि महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं को कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की लोग जगह जगह रास्तेभर चाय, पानी से मदद कर रहे हैं, इसलिए उन्हें परेशान न कर सहयोग करें।

# नाबार्ड भोपाल के अधिकारियों ने जिला सहकारी बैंक में की समीक्षा बैठक

खरगोन। जिला सहकारी बैंक खर गोन के प्रबंध संचालक श्री पीएस धनवाल ने बताया कि नाबार्ड भोपाल के उप महाप्रबंधक श्री नन्दू नाईक एवं सहायक प्रबंधक श्री विजेंद्र पाटील खरगोन द्वारा 27 जनवरी को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में समीक्षा बैठक की गई। प्रदेश स्तर पर खरगोन बैंक की संस्थाओं में पैक्स कम्प्यूटराईजेशन का सर्वाधिक कार्य की प्रशंसा की



गई। साथ ही किसानों को मध्यकालीन कृषि ऋण वितरण में वृद्धि के लिए योजनाओं पर चर्चा की गई एवं अधिक से अधिक कृषि ऋण वितरण पर जोर दिया गया। बैंक द्वारा आधुनिक युग की डिजिटल योजनाओं का लाभ बैंक के ग्राहकों को प्रदाय किया जा रहा है, जिसकी सराहना की गई। साथ ही पैक्स लेवल पर माइक्रो एटीएम से ग्रामीण नागरिकों को बैंकिंग सुविधायें प्रदान करने के लिए नाबार्ड से आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु आश्वासन दिया गया। बैंक की पैक्स घुघरियाखेड़ी में एग्री ड्रोन के माध्यम से किसानों की फसलों पर कीट नाशक औषधि का छिड़काव की सुविधा प्रदान की जा रही है। जो किसानों के लिए बहुत उपयोगी होने से अन्य पैक्स में भी एग्री ड्रोन सुविधा लागू किये जाने की

# गुरुकुल अभयपुर में हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

शाजापुर* /- शाजापुर जिले के ग्राम अभयपुर में संचालित गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं गायत्री एकेडमी में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम विकास संघ के अध्यक्ष रामदयाल पाटीदार ने की इस अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम विकास संघ के सचिव दयाराम भूतेश्वर विशेष अतिथि नरेंद्र पाटीदार किशोर सिंह पाटीदार ( बाबू जी ) होकमसिंह पाटीदार उपस्थित रहे



कार्यक्रम में ध्वजारोहण के पश्चात् छात्र छात्राओं द्वारा योगासन एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी गई तदोपरांत पुरस्कार वितरण कर मिठाई वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इस अवसर पर आदर्श ग्राम अभयपुर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे अंत में कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन संस्था प्राचार्य चन्द्र प्रकाश पाटीदार ने किया

# रीवा में विकास के साथ ही शांति व सौहार्द का वातावरण निर्मित हुआ है उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

## शहीद रामानंद सिंह की पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

भोपाल । उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा में विकास के साथ ही शांति व सौहार्द का वातावरण निर्मित हुआ है। लोग अब विकास की बातें करते हैं तथा अपने जनप्रतिनिधियों से नि॰संकोच विकास कार्यों की मांग करते है जो यह दर्शाता है कि लोकतंत्र अब परिपक्व हो रहा है। श्री शुक्ल शहीद रामानंद सिंह की पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रामानंद सिंह शोषण व अन्याय के विरूद्ध आवाज उठाते थे तथा लोगों की मदद के लिये हमेशा आगे आ जाते थे। वह अपनी सहजता व सौम्यता के लिये भी जाने जाते थे। श्री शुक्ल ने कहा कि वर्षों पूर्व रीवा में अराजकता का वातावरण था। लोग सुरक्षित नहीं थे। मगर हमारी सरकार के आने के बाद रीवा व मध्यप्रदेश शांति का टापू बन गया है। लोग विकास की चर्चा करते हैं तथा अपने गली, मोहल्ले, कालोनी व शहर में विकास कार्यों के लिये जनप्रतिनिधियों से नि॰संकोच अपनी मांगे रखते हैं। क्योकि जनता से चुने हुए व्यक्ति जनता के लिये ही कार्य कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने शहीद रामानंद सिंह एवं स्व. शिवेन्द्र सिंह जी को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए आश्वस्त किया कि बरा मोहल्ले का नाम शहीद रामानंद सिंह के नाम पर तथा रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल के मार्ग का नाम स्व. शिवेन्द्र सिंह जी के नाम पर कराये जाने का कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम में सांसद सतना श्री गणेश सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक देवतालाब गिरीश गौतम, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व सांसद देवराज सिंह एवं बुद्धसेन पटेल, पूर्व विधायक रामलखन पटेल, श्रीमती माया सिंह, डॉ. अजय सिंह, राम सिंह, रश्मि सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में क्रांतिकारी मोर्चा से जुड़े व्यक्ति तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा के मगरदहा घाट का किया निरीक्षण

## घाट का सौन्दर्यीकरण कराने के दिये निर्देश



भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपने भ्रमण के दौरान भटलो ग्राम में मगरदहा घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट को साफ-सुथरा कराकर इसके सौन्दर्यीकरण किये जाने के निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी नेशनल रूरल इम्पायमेंट गारंटी एक्ट के तहत विधायकनिधि, डीएमएफ तथा मनरेगा के सहयोग से वर्ष 2022 में घाट का निर्माण किया गया था। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की जल संरचनाओं को संरक्षित व संबंधित किये जाने की जरूरत है। इस घाट में पर्याप्त जल की उपलब्धता रहती है इसे साफ सुथरा कर इसके सौन्दर्यीकरण किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामवासी भी परिसम्पत्तियों को अपना माने तथा शासन प्रशासन के साथ सहयोग की भावना रखकर ग्रामीण विकास के कार्यों में अपनी भागीदारी निभायें और अपने जिले व प्रदेश को उन्नति के शिखर तक ले जाने में सहयोगी बनें।

# मौनी अमावस्या पर दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी की अष्टम कावड़ पद यात्रा मां नर्मदा जी के बरमान घाट आज से प्रारंभ

## यह कावड़ यात्रा जनमानस को धर्म से जोड़ने एवं युवाओं को नशा मुक्त कराने हेतु मां नर्मदा को समर्पित

दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी द्वारा ÷संकल्प की अष्टम कांवड़ यात्रा÷ 151 किलोमीटर, मां नर्मदा बरमान घाट से देव श्री जागेश्वर नाथ धाम के लिए आज दिनांक 29 जनवरी ( मौनी अमावस्या ) से प्रारंभ की गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुजन साथ रहे।

यह यात्रा दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी द्वारा प्रतिवर्ष मां नर्मदा जी को चुनरी अर्पित कर, पूरे विधि विधान से पूजन-अर्चन कर, कलश में जल भरकर व पदयात्रा कर, बसंत पंचमी के दिन देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर पहुंचकर, भगवान जागेश्वर नाथ जी का मां नर्मदा जल से अभिषेक किया जाता है। इस अवसर पर दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी का कहना है की यह लगातार आठवीं यात्रा है, उनका यह भी कहना है की यह यात्रा आम जनमानस के साथ-साथ नई उम्र के युवाओं को धर्म से



जोड़ने एवं उन्हें नशा मुक्त कराने के उद्देश्य को लेकर करते हैं। इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह की मां राजकुमार सिंह बड़ी बहन रितु सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# एस. पी. एन. कान्वेंट स्कूल में वार्षिक उत्सव समारोह का हुआ आयोजन

सिरोंज - लिंक रोड स्थित एस पी एन कॉन्वेंट स्कूल मे वार्षिक उत्सव समारोह हुआ मुख्य अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती जी के चरणों मे माल्यार्पण कर कार्य क्रम को आगे बढ़ाते हुए सिरोंज वार्षिक उत्सव मे देश भक्ति गीतों पर छात्र एवं छात्राओं ने बहुत अच्छी डांस प्रोफेमेंस की और और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदरणीय श्री राजीव जी सेनानी आदरणीय भावना दीदी त्यागी एवं आदरणीय अर्चना दीदी और नीलेश जी गुप्ता रेलवे डिपार्टमेंट द्वारा छात्र एवं छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी और पुरुस्कार वितरण किए एस. पी. एन. स्कूल के डारेक्टर श्री रामवीर सिंह दांगी के द्वारा समस्त स्टॉफ



को धन्यवाद दिया एस पी एन कन्वेंट स्कूल प्राचार्य श्री रुपेश जी ने सभी छात्र एवं छात्रों को अच्छी प्रोफेमेंस दी और शुभकामनायें दी और मंच संचालन शिक्षिका रितिका जैन द्वारा किया गया एवं सभी शिक्षिकाओं ने अपनी भूमिका मैं अपना सहयोग प्रदान किया समाज सेवी छगन सिंह राजपूत एवं अभिभावक समस्त अभिभाव उपस्थित रहे.

# गणतंत्र दिवस के अवसर पर सहकारी संस्था प्रबंधक हुए सम्मानित



शाजापुर/-- गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह के अंत में पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इसी कड़ी में जिला कलेक्टर ऋजु बाफना पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह जी विधायक अरुण भीमावद द्वारा कृषि सहकारी संस्थाओं के प्रबंधकों को ऋण वसूली कार्य का बेहतरीन प्रदर्शन कर टारगेट पूरा करने पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जिसमें कृषि साख सहकारी संस्था प्रबंधक रायपुर के पदमसिंह मेवाड़ा ओमप्रकाश पालीवाल जामनेर , विजेन्द्र सिंह राजपूत कडवाला, मुकेश पाटीदार खोकराकलां , रामेश्वर गुर्जर मोहना, रघुनाथ जी धीनका, उपस्थित थे,,

# 6060 बच्चों ने सामूहिक रूप से 12120 बार किया हनुमान चालीसा का पाठ

## भीकनगांव ने रचा नया विश्व रिकॉर्ड

खरगोन द्य मंगलवार को भीकनगांव में आयोजित आनंद उत्सव 2025 के तहत नगर परिषद द्वारा आयोजित एक ऐतिहासिक कार्यक्रम में 6060 स्कूली छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से दो बार में 12120 बार हनुमान चालीसा का पाठ कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस अभूतपूर्व उपलब्धि को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। आयोजन में खरगोन के प्रसिद्ध गायक शुभम रघुवंशी अपनी सुरों से कार्यक्रम को और भी रंगीन बनाया।

**ऐतिहासिक पल की गूंज** भीकनगांव के हायर सेकंडरी स्कूल ग्राउंड में सुबह से ही उत्सव का माहौल था। विभिन्न सरकारी और निजी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार, हनुमान जी की पूजा, और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद, 6060 बच्चों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। बच्चों ने दो बार पाठ किया, जिससे कुल 12120 बार हनुमान चालीसा का आवर्तन हुआ तथा हनुमान चालीसा के बाद राम स्तुति का सामूहिक पाठ किया गया । गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रतिनिधि मनोज कुमार शुक्ला ने बच्चों के इस प्रयास



को प्रमाणित करते हुए इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा, छात्रों का सामूहिक प्रयास, न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक और सामुदायिक एकता का उदाहरण है। यह भीकनगांव के लिए गर्व का क्षण है द्य

# भगवान की प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल



भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल बेलवा बड़गैयन ग्राम में नवनिर्मित बूढ़ी माता मंदिर परिसर में देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुए। श्री शुक्ल ने धार्मिक अनुष्ठान में हवन पूजन किया तथा भगवान के दर्शन कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने भण्डारे में प्रसाद भी ग्रहण किया। श्री शुक्ल ने भव्य मंदिर निर्माण के लिये फणीन्द्र शुक्ल व उनके परिजनों को साधुवाद देते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित की

# में बीएसएफ आईजी बने राजेश शर्मा, ग्वालियर टेकनपुर कैंप में मिली नई जिम्मेदारी

गुना। गुना शहर के निवासी राजेश शर्मा को बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स में इंस्पेक्टर जनरल के पद पर प्रमोशन मिला है। मंगलवार को वरिष्ठ अधिकारियों ने औपचारिक रूप से उन्हें ढ्ढत्र रैंक के बैच पहनाए। अब उनकी पोस्टिंग ग्वालियर के टेकनपुर कैंप में की गई है।



एलओसी से शुरू हुआ सेवा सफर

राजेश शर्मा की शुरुआती शिक्षा गुना के आर्य समाज मंदिर में हुई, जहां से उन्होंने 11वीं कक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने शासकीय पीजी कॉलेज से बीकॉम और एलएलबी की पढ़ाई पूरी की। वर्ष 1987 में BSF में असिस्टेंट कमांडेंट के रूप में उनका चयन हुआ। 1988 में पहली पोस्टिंग जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में हुई, जहां उन्होंने भारत-पाकिस्तान सीमा (LOC) पर तैनाती के साथ सेवा की शुरुआत की।

SPG और SDERF में भी दे चुके हैं सेवाएं

BSF के अलावा, राजेश शर्मा ने दिल्ली में स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (SPG) में भी अपनी सेवाएं दी हैं। इसके अलावा, मध्य प्रदेश के SDERF (State Disaster Emergency Response Force) में भी वह कार्यरत रह चुके हैं। वर्तमान में वे ढ्ढस्स्न गुजरात फ्रंटियर में तैनात थे, जहां से अब उनका ट्रांसफर ग्वालियर के टेकनपुर ढ्ढस्स्न कैंप में ढ्ढत्र के रूप में किया गया है।

ग्वालियर BSF कैंप में संभालेंगे नई जिम्मेदारी

प्रमोशन के बाद मंगलवार को औपचारिक रूप से ढ्ढत्र बैच पहनाने की प्रक्रिया पूरी की गई। अब राजेश शर्मा टेकनपुर BSF कैंप में IG के रूप में अपनी सेवाएं देंगे।

# खरगे और रेवंत रेड्डी के बयान से गरमाई सियासत, सिंधिया बोले 'कांग्रेस फैलाती है नफरत'

महू में कांग्रेस की सभा के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा गंगा में डुबकी लगाने वाले बयान और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की मोहम्मद गजनी से तुलना करने के बाद राजनीतिक माहौल गर्मा गया है।

देशभर में इस बयान के खिलाफ कई जगहों पर प्रदर्शन हुए। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस नफरत की राजनीति फैला रही है। उन्होंने रेवंत रेड्डी के बयान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपमान नहीं, बल्कि देश के गरीबों और आदिवासियों का अपमान करार दिया। साथ ही, उन्होंने आजादी से पहले राज परिवारों की भूमिका पर राहुल गांधी के बयान को संकीर्ण मानसिकता का परिणाम बताया।

प्रदेश में बदला मौसम का मिजाज, फरवरी की शुरुआत में बारिश के आसार, ठंड से मिलेगी राहत



राज परिवारों ने कई साल पहले भारत में समानता और समावेशिता की नींव रखी थी। सिंधिया ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि राहुल गांधी भूल गए हैं कि बड़ौदा के महाराज सयाजी राव गायकवाड़ ने संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर को शिक्षा प्राप्त करने के लिए आर्थिक मदद दी थी।

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आगे कहा कि ग्वालियर के माधव राव सिंधिया महाराज प्रथम ने पिछड़े वर्गों को शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाने के लिए ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में शिक्षा और रोजगार के केंद्र स्थापित किए थे। राहुल गांधी को बयान देने से पहले इतिहास का अध्ययन करना चाहिए। वहीं, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे देश की संस्कृति का अपमान कर रहे हैं। जिस पर्व में करोड़ों भारतीयों की आस्था है, उसे उन्होंने मजाक बना दिया है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं कृष्णकांत मिश्रा Krishankant Mishra S/o Laalmani Mishra) Add 57-C, DK-1, Danish Kunj Kolar Road Bhopal सर्वमान्य को सूचित करता हूँ कि मेरे पुत्र समन्यु सौम्य मिश्रा का नाम पासपोर्ट में त्रुटिवश समन्यु मिश्रा अंकित हो गया है । यह कि मेरे पुत्र का सही नाम समन्यु सौम्य मिश्रा है एवं समस्त दस्तावेजों में यही नाम दर्ज है । अतः मेरे पुत्र को भविष्य में समन्यु सौम्य मिश्रा के नाम से जाना जाये ।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)**

क्रमांक / निविदा/25/ सिरोंज दिनांक 27.01.2025

**ई-टेंडर आमंत्रण द्वितीय सूचना**

नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु आन लाईन निविदा का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है

| टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि रू | ऑनलाईन निविदा का प्रपत्र मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2025_UAD_397881_1 | नगरीय क्षेत्र सिरोंज के अंतर्गत आवारा कुत्तों का बधियाकरण एवं टीकाकरण एण्टीरेबीज कार्य | 900000/- | 9000/- | 2000/- | 01 वर्ष |

**शर्त** – टेंडर डाक्यूमेंट के आधार पर निर्धारित सभी कर एवं शासन द्वारा निर्धारित जी.एस.टी. कटौत्री किया जावेगा।

निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से सम्बंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://mptenders.gov.in एवं नगरपालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा के स्टोर शाखा से प्राप्त कर सकते हैं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद सिरोंज**

# प्रशासन ने की कार्रवाई चला बुलडोजर




**औबेदुल्लागंज संवाददाता**- नगर में बुधवार सुबह 11ः00 बजे औबेदुल्लागंज के मुख्य चौराहे से हटाया गया अतिक्रमण कई दिनों से चर्चा थी की दुकानदार द्वारा नाली के बाहर तक अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कर लिया था जो आज प्रशासन ने अतिक्रमण कार्यवाही कर शक्ति से अतिक्रमण हटाया इस मौके पर राजस्व विभाग मुख्य रूप से तहसीलदार निलेश सरवटे नगर परिषद सीएमओ सोनाली शर्मा, पुलिस प्रशासन एवं नगर परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे

## नव निर्वाचित रोटरी मंडलाध्यक्ष मुकेश साहू का भव्य स्वागत



रोटरी अंतरराष्ट्रीय विश्व के रोटरी क्लबों का संघ है। रोटरी मंडल 3040 यह गुजरात राज्य के पंचमहल तथा मध्यप्रदेश राज्य के जिलों में रोटरी के 102 क्लबों का संगठन है। रोटे मुकेश शाहू, रोटरी क्लब ऑफ सागर, आगामी रोटरी वर्ष 27-28 के लिये मंडलाध्यक्ष निर्वाचित हुए है। इस अवसर रोटे मुकेश शाहू एवं रोटे प्रीती शाहू, मंडल प्रथम महिला उनका भव्य स्वागत समारोह सैलीब्रेशन रिसोर्ट ÷ कोलार रोड में 27 जनवरी, सोमवार को आयोजित किया गया। भोपाल एवं आसपास के क्षेत्रों के रोटरी क्लबों में सीहोर, विदिशा, इटारसी एवं होशंगाबाद, के रोटेरियन भी कार्यक्रम में शामिल हुए। भोपाल स्थित पुर्व मंडलाध्यक्षों मे रोटे नरेन्द्र जैन, रोटे कर्नल महेंद्र मिश्रा, रोटे धीरण दत्ता एवं रोटे जिनेन्द्र जैन की अगुवाई में कार्यक्रम आयोजित किया गया। निर्वाचित मंडलाध्यक्ष रोटे मुकेश शाहू ने अपने संबोधन में कहा कि वे भोपाल के द्वारा दिये गये सम्मान के लिये तहे दिल से आभारी है। वे रोटरी के प्रति बढ़ते व्यय को देखते हुए उसमें कमी लाने की कोशिश करेंगे।

## बीज निगम में गत वर्ष की तुलना में डेढ़ गुना उत्पादन और लगभग 98फीसदी माल की बिक्री



भोपाल- राज्य बीज निगम में गत वर्ष की तुलना में डेढ़ गुना उत्पादन हुआ और लगभग 98त्न माल की बिक्री हुई।फार्म से लेकर मुख्यालय तक समस्त कार्य प्रक्रियाओं को श्ठ्ठद्वद्बठ्ठ्र करने की कार्यवाही हुई। एकाउंट्स का सॉफ्टवेयर बनाया गया। अनेक नाकारा और भ्रष्ट कर्मचारियों को टर्मिनेट किया। फॉर्म और बीज निगम के प्रबंध संचालक भास्कर लक्षकार ने बताया कि इस सबका परिणाम यह रहा कि अनेक वर्षो के बाद बीज निगम इस वर्ष लाभ में रहने की संभावना है।

## टीपी लिंक ने ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ साझीदारी की

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (ओईएल) ने विश्व के अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड टीपी लिंक के विश्वस्तरीय नेटवर्किंग उपकरणों और स्मार्ट होम उत्पादों का भारत में विनिर्माण करने के लिए उसके साथ रणनीतिक साझीदारी की आज घोषणा की। यह गठबंधन 'मेक इन इंडिया' विजन के प्रति टीपी लिंक की प्रतिबद्धता दर्शाती है और साथ ही दूरसंचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए वैश्विक केंद्र बनने का भारत का संकल्प प्रदर्शित करता है। इस साझीदारी के तहत ओईएल जीपॉन (ओएनटी), कैमरा (सुरक्षा एवं निगरानी), होम वाईफाई राउटर्स, एंटरप्राइस राउटर्स, मॉडम/गेटवे, सोहो स्विचेस और अन्य नेटवर्क विस्तार डिवाइस जैसे प्रमुख दूरसंचार एवं आईओटी उत्पादों का विनिर्माण करेगी। इन उत्पादों का विनिर्माण ओईएल के अत्याधुनिक विनिर्माण संयंत्र में किया जाएगा जिसकी क्षमता सालाना 60 लाख उपकरणों के उत्पादन की है।

## एक्सिस मैक्स लाइफ ने 35 शहरों में 7,000 से ज्यादा पौधे लगाए

नई दिल्ली, मुंबई, एजेंसी। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड जिसे पहले मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, ने अपने 'इंश्योरअर्थ' प्रोग्राम के तहत टियर 3 और टियर 4 शहरों में अपनी 35 शाखाओं में 7,000 से ज्यादा पौधे लगाने का एलान किया है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक,



तमिलनाडु और केरल में 35 आरोहण शाखाओं में कर्मचारियों, एजेंसी पार्टनर और स्थानीय लोगों समेत 1,700 से ज्यादा वालंटियर्स ने इस पौधारोपणअभियान में हिस्सा लिया। एक्सिस मैक्स लाइफ के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर सुमित मदान ने कहा, 'एक्सिस मैक्स लाइफ में हम 'डबल भरोसा' के अपने वादे पर खरे उतरने में विश्वास करते हैं। यह वादा न सिर्फ अपने ग्राहकों के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने का है, बल्कि भविष्य की पीढ़ी के लिए अपनी धरती को ज्यादा हरा-भरा बनाने का भी है। हम मेट्रो और टियर 1 शहरों से आगे विस्तार कर रहे हैंऔर ऐसे में हमारा लक्ष्य उन शहरों में रहने वालों के साथ गहरा संबंध बनाना भी है।

## मेनू पर वापसी- कलर्स 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' का नया सीज़न लेकर आया

मुंबई, एजेंसी। कलर्स फिर से परोस रहा है एंटरटेनमेंट का स्वाद, आपके चहेते शो के साथ! हंसी और खाने के परफेक्ट फ्यूज़न की भूख को देखते हुए, कलर्स ने पिछले साल 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' के साथ डिनर-टेनमेंट शो पेश किया, जो एक अनोखा कुलिनरी-कॉमेडी क्रॉसओवर था। 21.1 करोड़ से ज़्यादा दर्शकों और कलर्स व जियो सिनेमा पर 92.5 अरब व्यूइंग मिनट के साथ, इस शो ने तहलका मचा दिया, और 9 अरब इंप्रेशन, 3 अरब रीच और 2 अरब व्यू के साथ सोशल मीडिया पर ट्रेंड किया। इतनी शानदार सफल शुरुआत के बाद, चैनल एक शानदार नया सीज़न पेश करने के लिए तैयार है, जिसमें नए ट्विस्ट, नए चेहरे और और भी ज़्यादा मज़ा आने वाला है! एक बार फिर, दर्शकों का पसंदीदा टेलीविज़न किचन एक मनोरंजक बैटलग्राउंड में बदल जाएगा, जहां भारत के प्रिय सेलिब्रिटी शेफ हैट पहनेंगे और मेनू में एक स्वादिष्ट दावत पेश करेंगे, जिससे हंसी के ठहाके लगेंगे। हंसी के डोज़ को बढ़ाने के लिए तैयार, इस आगामी सीज़न में पुराने पसंदीदा और नए चेहरों का एक शानदार मिश्रण है - विक्की जैन - अंकिता लोखंडे, कृष्णा अभिषेक - कश्मीरा शाह, राहुल वैद्य - रुबीना दिलैक, अब्दु रोज़िक - एल्विश यादव, अभिषेक कुमार - समर्थ जुरेल और सुदेश लहरी - मन्नारा चोपड़ा। ऑप्टिमिस्टिक्स एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, राजधानी बेसन द्वारा सह-प्रायोजित, स्पेशल पार्टनर कैच मसाले और विक्रम इलायची टी, 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' का नया सीज़न 25 जनवरी को शुरू होगा और उसके बाद शनिवार - रविवार रात 09:30 बजे केवल कलर्स पर प्रसारित होगा।

## भाजपा युवा मोर्चा ने कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन का पुतला दहन किया

### कांग्रेस नेता खड़गे ने भारतीय सनातन संस्कृति और महाकुंभ के विरोध में की बयानबाजी



मण्डलाः--भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के द्वारा सनातन संस्कृति और पवित्र महाकुंभ जैसे आयोजन पर गलत बयानबाजी कर करोड़ों हिंदुओं की आस्था पर चोट किये जाने पर विरोध दर्ज कराते हुए मण्डला जिला मुख्यालय के कांग्रेस कार्यालय के सामने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन का पुतला दहन कर नारेबाजी कर पुरजोर विरोध दर्ज कराया।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि देश के करोड़ों हिन्दुओं की आस्था पर चोट करना कांग्रेस की परंपरा बन चुकी है।पवित्र महाकुंभ के विरोध में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बयानबाजी कर कांग्रेस की हिन्दु विरोधी नीतियों का समर्थन किया है।भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आशीष झारिया ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला दहन सिर्फ प्रदर्शन नहीं है बल्कि यह हिन्दु समाज के आक्रोश का प्रतीक है तथा यह चेतावनी भी है कि भविष्य में कांग्रेस या अन्य कोई दल हिन्दु समाज और सनातन संस्कृति के विरोध में किसी भी प्रकार का बयान या टिप्पणी करता है तो इसके गंभीर परिणाम होंगे और भाजपा युवा मोर्चा अपने धर्म आस्था और संस्कृति के लिए हमेशा आगे आकर देश विरोधी,धर्म विरोधियों का डटकर मुकाबला करेगी। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ध्वजारोहण के उपरांत बच्चों ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए



औबेदुल्लागंज( संवाददाता)- भियागांव स्थित सेंसेड एनजीओ द्वारा संचालित मोहल्ला स्कूल में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की सचिव डॉ. सोनल मेहता ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवक एवं निर्माण समिति धाकड़ समाज के अध्यक्ष राजनीश नागर थे। कार्यक्रम में शासकीय विद्यालय की प्रधानाध्यापिका, राहुल नागर, शिक्षकगण, अभिभावक और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ध्वजारोहण के उपरांत बच्चों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि राजनीश नागर और डॉ. सोनल मेहता ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में देश के संविधान, स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान और गणतंत्र के महत्व पर प्रकाश डाला। सभी उपस्थितों को मिठाइयां वितरित की गईं, जिससे बच्चों में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम में सेंसेड एनजीओ के प्रयासों की भी सराहना की गई, जो ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा और अन्य सुविधाएं प्रदान करने में जुटा हुआ है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन पर हरियाणा राज्य के छात्र-छात्राएं संगम यात्रा पर पहुंचे

जबलपुर। प्रौद्योगिकी एवं प्रगति की अवधारणा पर चतुर्थ दिवस दिनांक 24.01.2025 को युवा संगम यात्रा (हरियाणा राज्य के प्रतिभागी) रिलायंस सी.बी.एम. प्रोजेक्ट रिलायंस फाउंडेशन में भ्रमण किया जहां श्री एस. एन. खान ने सुरक्षा के संबंध में, श्री भूपेंद्र मंडलोई जी ने पूरे प्लांट के संबंध में, तकनीकी जानकारी प्रदान की तथा कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के संबंध में श्री राजीव श्रीवास्तव ने कंपनी द्वारा दी जा रही सुविधाएं एवं चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की।इसी क्रम में कोल माइंस प्लानिंग डिजाइन की सिंहपुर साइट में भी भ्रमण किया जहां अन्वेषण विभागाध्यक्ष श्री सामंतक चटर्जी और भू-भौतिक प्रभाग के प्रमुख डॉक्टर सायन घोष उपस्थित थे सिंहपुर से प्रभारी अधिकारी श्री हिमांशु तिवारी, श्री रोहित पांडे और श्री नीलाद्री दास ने अन्वेषण गतिविधियों, भू-वैज्ञानिक व्याख्या और भू-गतिविधि डेटा प्रोसेसिंग का प्रदर्शन किया जो कोयला भंडार और खदान नियोजन के आकलन में महत्वपूर्ण योगदान देता है। साथ ही भू- भौतिकी डेटा प्रोसेसिंग का प्रदर्शन किया जो कोयला भण्डार और खदान नियोजना के आकलन में महत्वपूर्ण योगदान देता है।कार्यक्रम के अंत में युवा संगम प्रतिभागियों और प्रतिनिधियों ने प्रतीक के रूप में टी-शर्ट वितरित कर एवं भोज कराकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय से प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद मीणा, प्रोफेसर आशीष माथुर, डॉ. जितेंद्र कुमार, , डॉ. तन्वी भाटी तथा जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक से , डॉ. मनोज कुमार पांडे, , डॉ. संजीव सिंह, , डॉ. अखिलेश सिंह एवं , डॉ. हिमांशी वर्मा उपस्थित रहे।

## राज्यपाल श्री पटेल का एक फरवरी को जंतीपुर में कार्यक्रम प्रस्तावित



मंडला--माननीय राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल का एक फरवरी 2025 को मंडला जिले के ग्राम पंचायत जंतीपुर में कार्यक्रम प्रस्तावित है।राज्यपाल श्री पटेल के आगमन को लेकर व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा सोमवार को ग्राम पंचायत जंतीपुर में जाकर प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ग्राम पंचायत जंतीपुर में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, आदर्श आंगनवाड़ी केन्द्र और सामुदायिक भवन का अवलोकन करेंगे।इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर और एक विशाल सभा का आयोजन होगा।ग्राम जंतीपुर में बैगा बैगी की प्रतिमा का लोकार्पण भी किया जाएगा। राज्यपाल श्री पटेल ग्राम जंतीपुर में विशाल सभा को संबोधित कर बैगा परिवारों के साथ भोजन करेंगे। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने ग्राम जंतीपुर में राज्यपाल श्री पटेल की आवागमन की तैयारियों को लेकर साफ सफाई,सुरक्षा,विद्युत व्यवस्था,पेयजल,टेंट, पंडाल इत्यादि का प्रबंध करने को कहा है। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम जंतीपुर में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाए।उक्त शिविर में सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने हितग्राहियों से संपर्क कर उनकी समस्याओं का निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इस अवसर पर हेलीपेड सेमरखापा का भी निरीक्षण किया।उन्होंने हेलीपेड का निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड अनुसार समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा,जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह,एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम,डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ,प्रभारी तहसीलदार श्री हिमांशु भलावी सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## तहसील कार्यालय में जनसुनवाई 9 आवेदन प्राप्त, समस्याओं का त्वरित निराकरण



बैरसिया। तहसील कार्यालय सभागृह में आयोजित मंगलवार जनसुनवाई में कुल 9 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई मैं एसडीएम आशुतोष शर्मा ने सभी समस्याओं के आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। इस जनसुनवाई में एसडीएम आशुतोष शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने मुख्यालय पर उपस्थित रहें और फील्ड में जाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा, ÷अधिकारियों का फील्ड में रहना अत्यंत आवश्यक है ताकि जनता की समस्याओं का समय पर और प्रभावी निराकरण किया जा सके।÷ जनसुनवाई में तहसीलदार श्रीमती करुणा दंडोतिया, तहसीलदार अर्जुन मुरलीधरम, नायब तहसीलदार प्रेम नारायण गोस्वामी, मिट्ठू लाल पवार सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। एसडीएम द्वारा आयोजित यह जनसुनवाई प्रभावी और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई, जिससे आमजन को राहत मिली।

## शासन की तबादला नीति

मध्य प्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय,
वल्लभ भवन, भोपाल-462004

--------

क्रमांक एफ 6-1/2025/एक/9 भोपाल, दिनांक 29 जनवरी, 2025

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागायुक्त,
समस्त कलेक्टर,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत,
मध्यप्रदेश।

विषयः-राज्य स्तर पर अधिकारियों/कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति (संशोधन)- वर्ष 2025.

--0--

राज्य शासन द्वारा दिनांक 24 जून, 2021 को राज्य एवं जिला स्तर पर स्थानांतरण हेतु नीति जारी की गई थी। वर्तमान में स्थानांतरण पर प्रतिबंध है किन्तु कार्य सुविधा के दृष्टिगत उपरोक्त नीति की कण्डिका 9 का निम्नानुसार संशोधन किया जा रहा है :-

प्रतिबंध अवधि के दौरान स्थानांतरणः-

1. प्रतिबंध अवधि में तथा स्थानांतरण नीति से हटकर सामान्यतः केवल निम्न अपवादिक परिस्थितियों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के शासकीय सेवकों के स्थानांतरण आदेश विभागीय मंत्री से प्रशासकीय अनुमोदन उपरांत जारी किए जा सकेंगे -

1.1 गंभीर बीमारी यथा कैंसर, लकवा, हृदयाघात या पक्षाघात इत्यादि से उत्पन्न तात्कालिक आवश्यकता के आधार पर।

1.2 ऐसे न्यायालयीन निर्णय के अनुक्रम में, जिसके माध्यम से प्रदत्त आदेश के अनुपालन के अतिरिक्त और कोई विधिक विकल्प शेष न हो। किंतु ऐसी परिस्थिति में स्थानांतरित किये जा रहे स्थान पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही लम्बित न हो।

1.3 शासकीय सेवक की अत्यंत गंभीर शिकायत/गंभीर अनियमितता/गंभीर लापरवाही जिसमें विभाग द्वारा म0प्र0 सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के उल्लंघन के क्रम में म0प्र0 सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) 1966 के नियम 14 अथवा 16 के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की जा चुकी है।

1.4 लोकायुक्त संगठन/आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो अथवा पुलिस द्वारा शासकीय सेवक के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने अथवा अभियोजन की कार्यवाही प्रारंभ होने पर जांच प्रभावित न होने की दृष्टि से किए जाने वाले स्थानांतरण।

1.5 निलंबन, त्यागपत्र, सेवानिवृत्ति (सामान्य/अनिवार्य/स्वैच्छिक), पदोन्नति, प्रतिनियुक्ति से वापसी अथवा शासकीय सेवक के निधन के फलस्वरूप रिक्त हुए पद जिसके संबंध में विभाग का यह मत हो कि लोकहित में उक्त पद की पूर्ति स्थानांतरण पर प्रतिबंध अवधि में की जाना अत्यंत आवश्यक है। किन्तु ऐसी रिक्तियॉ जो तत्स्थान पर पदस्थ अधिकारी/कर्मचारी के स्थानांतरण से उत्पन्न हों सम्मिलित नहीं की जाएंगी, उदाहरण स्वरूप यदि "A" स्थान से किसी अधिकारी/कर्मचारी को स्थानांतरित कर किसी अन्य अधिकारी/कर्मचारी को इस आधार पर कि अब "A" स्थान पर रिक्त हो गई है, स्थानांतरित नहीं किया जाएगा।

किन्तु यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रशासनिक कारण से यदि स्थानांतरण एक स्थान से दूसरे स्थान पर किया जा रहा है तब जिस स्थान से स्थानांतरण कर दूसरे स्थान पर पदस्थापना की जा रही है उस स्थान पर स्थानांतरण के कारण रिक्तियों का प्रतिशत स्थानांतरित किये गये स्थान से अधिक तो नहीं हो रहा है।

उदाहरणार्थ, किसी स्थान "A" पर तीन पद है, जिसमें से दो पद भरे हुए हैं अतः "A" स्थान पर रिक्त पदों का प्रतिशत 33 है एवं स्थान "B" पर दो पद हैं, जिसमें से एक पद भरा हुआ है, अतः "B" स्थान पर रिक्त पदों की संख्या 50 प्रतिशत होगी तब "A" से "B" में स्थानांतरण पर "A" में रिक्त का प्रतिशत 66 होगा वहीं 'B' में रिक्ति का प्रतिशत शून्य हो जावेगा। अतः यह इस नीति में उपरोक्त स्थानांतरण अनुमत्य नहीं होगा। ठीक इसी प्रकार से 'B' से 'A' स्थान पर भी स्थानांतरण अनुमत्य नहीं होगा। ऐसी स्थिति में स्थानांतरण नहीं किया जा सकेगा।

1.6 परियोजना का कार्य पूर्ण होने पर अथवा पद अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने के कारण स्थानांतरित किया जा सकेगा।

1.7 उपरोक्त प्रकरणों के अतिरिक्त माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त उच्च प्राथमिकता के प्रकरणों में भारसाधक सचिव प्रशासकीय अनुमोदन प्राप्त कर आदेश जारी कर सकेंगे। किन्तु ऐसे स्थानांतरण प्रकरण जिनको करने में विभाग नीति के अनुरूप नहीं पाता है ऐसे प्रकरण विभागीय सचिव, विभागीय मंत्री महोदय के अनुमोदन उपरांत, कारण सहित अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय को पुनः प्रस्तुत कर अग्रिम आदेश प्राप्त करेंगे।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा
आदेशानुसार,

(संजय दुबे)
अपर मुख्य सचिव
मध्य प्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

## सीमा सूर्यवंशी राज्यपाल मंगू भाई पटेल के हस्ते हुई सम्मानित



छिंदवाड़ा। गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष्य में लोकरंग कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग का महा अनुष्ठान रविन्द्र भवन के मुक्ताकाश में विभिन्न क्षेत्रों पर उत्कृष्ट योगदान देने हेतु पुरस्कार / सम्मान कार्यक्रम निरंतर 40 वर्षो की यात्रा मे इस वर्ष भी आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि माननीय राज्यपाल मंगूभाई पटेल जी ने लोकरंग देश के जनजाति और पारंपरिक लोकवाद्य यंत्रों पर परिकल्पित यह प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। इसी तारतम्य में घूमन्तु भाषा बंजारा की गोर भाषा की टॉकिंग डिक्सनरी बनाने वाले अध्येताओं में छिन्दवाड़ा से डॉ विजय कलमधार राज माता सिंधिया शासकीय महाविद्यालय छिन्दवाड़ा एवं डॉ सीमा सूर्यवंशी प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शा. स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिन्दवाड़ा को राज्यपाल के हस्ते प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। अकादमी द्वारा संयोजित घूमन्त समुदायों की विलुप्तप्राय भाषाओं के शब्द संचयन, व्याकरण और डिजिटल कोश निर्माण जैसे नवाचारी एवं अप्रतिम प्रयोग में सार्थक सहयोग एवं सक्रिय भागीदारी के लिए चयन किया जाना जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी के निर्देशक डॉ धर्मेन्द्र पारे सर जी का विशेष योगदान रहा।

## तहसील कार्यालय में कचरे के डस्टबीन कही नजर नही आते

चौरई। तहसील कार्यालय में जगह जगह कचरे के ढेर मिलेंगे यहां के प्रशासनिक अधिकारी एवं नगर पालिका का भी ध्यान तहसील एवं एस.डी.एम. कार्यालय में कचरा मिलेगा यहां पर किसी तरह के डस्टबीन नहीं लगे है, जिससे दुकानदार कचरा डस्टबीन में डाल सकें। जगह-जगह कचरा पड़ा रहता है स्वच्छता अभियान की यहां पर खुले आम मजाक उड़ाई जा रही है। एस.डी.एम तहसील एवं एस.डी.एम कार्यालय के आसपास घूमे तो उन्हें जगह-जगह कचरा दिखाई देगा, एस.डी.एम. नगर पालिका के सी.एम.ओ लेकर घूमे तो उन्हें कचरे का पता चलेगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री ने संतोषी गजभिये को दिया नियुक्ति प्रमाण पत्र

छिंदवाड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, सांसद नकुलनाथ की अनुशंसा पर और प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष गुरूचरण खरे एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, शहर अध्यक्ष पप्पू यादव, महिला जिलाध्यक्ष किरण चौधरी, प्रकाश मेहरोलिया जिला अध्यक्ष की सहमति से नगर कांग्रेस एस.सी. सेल की पूर्व नगर अध्यक्ष संतोषी गजभिये की पार्टी में सक्रियता एवं आमजनों की लड़ाई एवं उन्हे न्याय दिलाने के लिये हमेशा संघर्षरत रहने के कारण उन्हे महिला जिला कांग्रेस एस.सी.सेल में जिलाध्यक्ष का प्रभार सौंपते हुये कमलनाथ ने उन्हे नियुक्ति पत्र सौंपकर शुभकामनायें दी।

## बिछुआ आईटीआई के छात्र का हुआ सम्मान

बिछुआ। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिछुआ के प्रशिक्षणार्थी दीपक राव को वर्ष 2023-24 के व्यवसाय स्टेनोग्राफी एंड सेक्रेटेरियल असिस्टेंट हिंदी की एससीवीटी द्वारा आयोजित परीक्षा में राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त करने पर कौशल विकास संचालनालय के संचालक के द्वारा सम्मानित किए गए। साथ ही व्यवसाय की प्रशिक्षण अधिकारी श्रीमती मनीता पंद्राम को सम्मानित किया गया। प्रशिक्षणार्थी छात्र को गणतंत्र दिवस पर सम्मानित होने पर संस्थान के प्राचार्य दीपक डिगर्से ने शुभकामनाएं दी।

## कांग्रेस सेवादल में अखलेश पटेल बने ब्लाक कार्यवाहक अध्यक्ष

छिंदवाड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, सांसद नकुलनाथ की अनुशंसा पर और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे की सहमति से कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले द्वारा संगठन में उनकी गहरी रूचि एवं सक्रियता एवं कर्मठता को देखते हुये अखलेश पटेल को छिंदवाड़ा ग्रामीण भाग क्र. 1 ब्लाक कार्यवाहक अध्यक्ष एवं योगेश माहोरे को क्षेत्रीय कमेटी कुण्डाली कला के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति प्रदान की है। अलकेश पटेल एव श्री मोहोरे की नियुक्ति पर उनके समर्थकों रमेश बेले एवं अन्य साथियों ने उन्हे बधाई प्रेषित की।

## चौरई गलियों का शहर



चौरई। नगर चौरई गलिया कालोनाईजर 20 फिट की रोड छोड़ रहे है नगर चौरई गलियां का नगर हो गया है, चौरई आस पास ढेरो कालोनियां काटी जा रही है, किन्तु कालोनाईजर बीस फिट की सड़के छोड़ रहे है जबकि सड़कें कम से कम 30 फिट की होनी चाहिये जिससे दो गाडियां आमने सामने से आ जा सके। प्रशासन एवं पुलिस को मालूम है रजिस्ट्रियां हो रही है। वैद्य हो या अवैध कालोनी प्रशासन चाहे तो सड़के कम से कम 30 फिट चौड़ी होने से भविष्य में आवागमन आसान होगा,

## गोपीचंद करमेले के निधन पर कमलनाथ व नकुलनाथ ने व्यक्त किया गहन दुख

छिन्दवाड़ा। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने वरिष्ठ पत्रकार राजेश करमेले के पिता गोपीचंद करमेले के आकस्मिक निधन पर गहन दुख व्यक्त किया। कमलनाथ ने अपने शोक संदेश में गोपीचंद करमेले के निधन पर गहन दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पिता के चले जाने का अर्थ होता है सिर से आसमान छिन जाना। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान देने व शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की। नकुलनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि वरिष्ठ पत्रकार राजेश करमेले के पिता गोपीचंद करमेले जी के निधन से मुझे गहरी वेदना की अनुभूति हुई है। अपने सामाजिक जीवन में उन्होंने हमेशा ही समाजहित में अपना योगदान दिया। उनका निधन हृदय विदारक है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

छिन्दवाड़ा- मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की उपस्थिति में आज शिकारपुर कमलकुंज में जिला महिला कांग्रेस की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई।

### मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का हुआ समापन

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में छिंदवाड़ा प्रदेश में द्वितीय स्थान पर

**अभियान के दौरान जिले में प्राप्त 2 लाख 18 हजार 337 आवेदनों का हुआ शत-प्रतिशत निराकरण**



छिन्दवाड़ा। केन्द्र और राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित योजनाओं में उपलब्धि प्राप्त करने के लिए राज्य शासन द्वारा 11 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान हजारों हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। 11 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक चलाए गए मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान के तहत जिले में ग्राम पंचायतवार और शहरी वार्डवार शिविरों का आयोजन कर एवं ऑनलाइन माध्यम से भी आवेदन प्राप्त किए गए। जिसमें कुल 2 लाख 18 हजार 337 आवेदन प्राप्त हुए, सभी आवेदनों शत-प्रतिशत निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करते हुए प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। जिसके लिए कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने जिले की पूरी टीम को बधाई दी है। अभियान के दौरान खसरा-खतौनी की 1 लाख 5 हजार 328 प्रतिलिपि और चालू नक्शा की 48064 प्रतिलिपि प्रदाय की गई, 14048 नक्शों का शुद्धिकरण किया गया, 7129 हितग्राहियों को नो ड्यूज प्रमाण पत्र जारी किए गए। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 15719 हितग्राहियों को जोड़ा गया, 1445 हितग्राहियों को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में जोड़ते हुए पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदाय किए गए। पीएम किसान सम्मान निधि योजना में शेष 7860 किसानों का पंजीयन करते हुए जोड़ा गया। भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल के तहत 1840 निर्माण श्रमिकों का पंजीयन किया गया।

### अभियान का समारोह पूर्वक समापन

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के समापन अवसर पर 27 जनवरी 2025 को राज्य स्तरीय हितग्राही सम्मेलन और सफाई मित्रों को किट वितरण का कार्यक्रम इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस राज्य स्तरीय समापन समारोह का सीधा प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से जिले के सभी शहरी वार्ड स्तर और ग्राम पंचायत स्तर पर भी देखा व सुना गया। इस दौरान मौके पर शेष हितग्राहियों को भी हितलाभों का वितरण किया गया। अधिकांश हितग्राहियों को अभियान के दौरान आयोजित शिविरों में ही लाभान्वित किया जा चुका है। जिला स्तर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। इस दौरान प्रतीक स्वरूप कुछ हितग्राहियों को कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं शेषराव यादव द्वारा विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति आदेश और नगर निगम के सफाई मित्रों को किट का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, एडीएम श्री के.सी. बोपचे सहित जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी, श्री विजय पांडे, श्री विजय झांझरी, श्रीमती गरिमा दामोदर, भरत घई सहित पार्षदगण व अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

### हितलाभों का वितरण

कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सीएम जनकल्याण अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनों में राजस्व विभाग के अंतर्गत आवेदक श्री गोपाल, श्री विनायक राव, श्री राहुल प्रजापति, श्री विनोद मानकर और श्री सतीश को नामांतरण पश्चात खसरे की प्रतिलिपि प्रदाय की गई। समाजिक न्याय विभाग के अंतर्गत आवेदक श्रीमती लक्ष्मी बाई मर्सकोले को सीएम सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना और श्री नरेश साहू को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के स्वीकृति पत्र प्रदाय किए गए। इसी तरह नगर निगम छिंदवाड़ा के सफाई मित्रों श्री महेश कुमार पथरौल और श्री नीरज गोदरे को सफाई किट का वितरण किया गया।

## शिवरात्रि में भगवान शिव का होगा जलअभिषेक

**श्री महाकाल मोक्षधाम मंदिर समिति की बैठक**



छिंदवाड़ा। शिव शक्ति मिलन विवाह महोत्सव पर्व की धूम संपूर्ण भारतवर्ष विश्व में बड़े ही धूम धाम उत्सव श्रद्धा भक्ति उपासना के पावन पर्व के रूप में मनाया जाता है। इसी तारतम्य में छिंदवाड़ा में महाकाल मोक्षधाम मंदिर समिति के अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र पांडे जी द्वारा बताया गया। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री महाकाल मंदिर में महाशिवरात्रि 26 फरवरी 2025 में लाखों भक्तों कि आस्था का केंद्र बिंदु बनेगा जहां प्रातः काल से ब्रह्म मुहूर्त से भक्तगण भगवान शिव को जल अभिषेक, पुष्प, फल, प्रसाद अर्पित कर पुण्य लाभ अर्जित करते है। जिसमें मंदिर समिति के द्वारा भक्तों के लिए उचित व्यवस्थाओं को बनाया जाता है। साथ ही 24 घंटों का फलहारी महाप्रसाद साबूदाने की खिचड़ी, चाय, हलवा मीठा वितरण किया जाता है। यह भंडारा भक्तों के विशेष सहयोग से ही आयोजित किया जाता है। प्रत्येक कार्यक्रम को ले कर मीटिंग में व्यवस्थित विशेष रूपरेखा बनाई गई है। जिसमें समस्त भक्तों को महादेव का दर्शन पूजन का पुण्य लाभ अर्जित कर सके। इस मीटिंग में मुख्य रूप से सचिव अज्जू मंडराह, कोषाध्यक्ष राजा विश्वकर्मा सहित, मदन ताम्रकार, मुकुंद पांडे,मोनू कड़ू,पं शुभम पांडे, मयंक चौरसिया, अखिलेश मिश्रा, रमाकांत शर्मा, दुर्गा सोनी, नंदू मासाब, हर्षित विश्वकर्मा, अकाश साहू, हर्षित विश्वकर्मा,कृष्णा सोनी,देवा चौरसिया, श्याम तागड़े, लड्डू सोनी, अंकित सरेठा, नंदू कवरेती, निप्पू बैस, शिवा पटवा एवं अन्य सदस्य एवं महिला मंडल सहित सभी ने श्री महाकाल मोक्षधाम मंदिर समिति कार्यक्रम को भव्य रूप में मनाए जाने हेतु अपने विचार दिए। साथ ही मंदिर समिति आप समस्त भक्तों का तन मन धन सहयोग हेतु अपेक्षित हैं।

## सनातन संस्कृति का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान

**भाजपा नगर युवा मोर्चा द्वारा पुतला दहन**



छिंदवाड़ा। प्रदेश संगठन व माननीय सांसद विवेक बंटी साहू जी के निर्देश पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का भाजपा नगर युवा मोर्चा द्वारा पुतला दहन किया गया भाजपा नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष बिट्टू मण्डरहा व अनुज मल्होत्रा ने बताया कि सनातन संस्कृति से करोड़ों हिन्दुओं की आस्था के प्रतीक महाकुम्भ के संदर्भ में की गईं अनर्गल टिप्पणी करना उनकी मानसिक स्थिति सही नहीं होना मंदबुद्धि का परिचय देता है कांग्रेस हमेशा से ही सनातन विरोधी रही है उनके नेता समय-समय पर सनातन धर्म के विरोध में बयानबाजी करते रहते हैं और हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ करते हैं बाबा साहब अंबेडकर द्वारा रचित संविधान के अनुच्छेद 25 में सभी व्यक्तियों को अंतःकरण की स्वतंत्रता, धर्म को अबाध रूप से मानने, आचरण करने और प्रचार करने का सामान अधिकार होगा। यह अधिकार नागरिकों एवं गैर-नागरिकों के लिये भी उपलब्ध है। अवसर पर मुख्य रूप से नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, अंकुर शुक्ला, रोहित पोफली, नवीन बारस्कर, लीला बजोलिया, पंकज पाटनी, पार्षद जगदीश गोदरे, पप्पू ठाकुर, नीरज भारद्वाज, रवि मालवी, नितिन मरकाम, अंकित तिवारी, रोहित माहोरे, शिवा सरसवार, लकी पाल, मयूर पटेल, विश्वेन्द्र बैस, अंकित ढोंक, संदीप मालवी, आनंद गोहर, कुणाल पाल, शुभम साहू, नितिन राउत, सोमेंद्र ठाकुर, पीयूष खुराना, भूपेंद्र बेदी, अविनाश शर्मा, आकाश ठाकुर, शिवम साहू, विकास वर्मा, दिलीप वर्मा, दिव्यांशु लोखंडे, मोहित बुनकर, ऋषभ ताम्रकार, ममता डोंगरे, शैलेश गडवाल, संकेत पांडे सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## सांसद ने गोपीचन्द करमेले और श्रीमति उषा किरण सिंह के निधन पर जताया दुःख

छिन्दवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू ने गोपीचन्द करमेले और श्रीमति उषा किरण सिंह के निधन पर दुःख व्यक्त किया हैं। उन्होंने भगवान से प्रार्थना की है कि वे इनकी आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देते हुए मोक्ष प्रदान करें। साथ ही शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि बरारीपुरा निवासी वरिष्ठ पत्रकार राजेश करमेले के पिता गोपीचंद करमेले का 93 वर्ष में आकस्मिक निधन हो गया हैं। इसी तरह पुराना नरसिंहपुर नाका कॉलेज रोड बसंत कॉलोनी निवासी स्वर्गीय केदारनाथ सिंह की धर्मपत्नी एवं अरविंद प्रताप, अवधेश, अखिलेश की माता जी और अनुज प्रताप व आस्था सिंह, रणवीर, रणधीर की दादी श्रीमती उषा किरण सिंह का आकस्मिक निधन हो गया हैं।

### समाधान ऑनलाईन 03 फरवरी को

छिन्दवाड़ा। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में 03 फरवरी 2025 दिन सोमवार को सी.एम. हेल्पलाइन के संलग्न विभागों,विषयों, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत दी जा रही सेवाओं एवं समाधान एक दिवस के विषयों की समीक्षा समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में की जायेगी।

## आनंद उत्सव के अंतर्गत 55 वर्षीय दिव्यांग राधेश्याम ने कुर्सी दौड़ में मारी बाजी



छिन्दवाड़ा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन और एडीएम एवं आनंद उत्सव के नोडल अधिकारी के.सी.बोपचे के मार्गदर्शन में छिन्दवाड़ा जिले के विकासखंड मोहखेड़ के अंतर्गत क्लस्टर ग्राम सारंगबिहरी में गत दिवस आनंद उत्सव संपन्न हुआ। आनंद उत्सव के अंतर्गत कुर्सी दौड़, रस्साकशी, 100 मीटर दौड़ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर आनंद उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 50 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के लिए आयोजित कुर्सी दौड़ में 55 वर्षीय श्री राधेश्याम शेरके ने प्रथम स्थान पाकर उत्साह में चार चाँद लगा दिये। महिला वर्ग की कुर्सी दौड़ में शिक्षिका नवनीता चोपड़े ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल शिक्षा विभाग का गौरव बढ़ाया। शिक्षिका सरला पराड़कर एवं गीता डोंगरे ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर कैलाश सोनेवार ने आनंद विभाग की अवधारणा तथा विभिन्न गतिविधियों-आनंद सभा, अल्पविराम परिचय कार्यक्रम, आनंदम केन्द्र आदि के बारे में प्रकाश डालते हुये इनमें सहभागिता बढ़ाने के लिये जनप्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों एवं ग्रामीण नागरिकों से आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सरपंच श्री गणेशप्रसाद फरकारे (भूतपूर्व सैनिक), सर्वश्री रूपेन्द्र शेरके, यशवंत फरकारे, मनीराम डोंगरे, पंतजी शेरके, संस्था प्रमुख एचपी उइके, कैलाश पराड़कर, दिनेश खापरे, पीआर खरपुसे, दिनेश खापरे, यूके पशीने, संदेश कोड़ले, रामू पवार, सचिव विपिन रायकवार, जीआरएस ओम पवार एवं स्थानीय नागरिकों का सक्रिय योगदान रहा।

### मैत्री मैच के साथ हुआ आनंद उत्सव का समापन.

# कलेक्टर इलेवन ने महापौर इलेवन पर दर्ज की जीत



छिन्दवाड़ा। मध्यप्रदेश शासन के राज्य आनंद संस्थान द्वारा 14 जनवरी से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव 2025 का आयोजन किया गया। आनंद उत्सव के दौरान नगर निगम छिंदवाड़ा द्वारा शहर में पारम्परिक खेलों के साथ स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। निगम द्वारा आंगनबाड़ियों एवं स्कूलों में चित्रकला तथा संगीत प्रतियोगिता, खो- खो, नींबू दौड़, कुर्सी दौड़, पार्कों का सौंदर्यीकरण, रंग-रोगन एवं संगीत समागम का आयोजन भी कराया गया। निगम ने इस दौरान सफाई मित्रों का सम्मान एवं सामूहिक स्वच्छता अभियान के आयोजन भी किए। आनंद उत्सव के समापन के अवसर पर मंगलवार को स्थानीय इंदिरा गांधी क्रिकेट मैदान में मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। यह मैच कलेक्टर इलेवन व महापौर इलेवन के मध्य खेला गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए महापौर इलेवन ने 15 ओवर में 7 विकेट पर 75 रन बनाए, जिसमें सर्वाधिक 32 रन प्रशांत घोंगे व 12 रन श्री प्रमोद शर्मा ने बनाये। कलेक्टर इलेवन के गेंदबाज आदर्श खरे ने 2 विकेट लिए। 76 रनों के लक्ष्य को कलेक्टर इलेवन ने 13.5 ओवर में 5 विकेट खोकर हसिल कर लिया। कलेक्टर इलेवन के बल्लेबाज अबुजर खान ने 25, आदर्श खरे ने 16 व कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने 10 रन बनाए। महापौर इलेवन के गेंदबाज प्रशांत घोंगे ने 3 एवं श्री वीरेंद्र कटारिया ने 2 विकेट लिए। मैच 3 विकेट से कलेक्टर इलेवन ने जीता। मैच में अंपायर अभिषेक ठाकुर व पवन गवाने रहे। स्कोरर डी.के.रॉय चौधरी व ऋषभ मलिक रहे। कमेंट्रेटर श्री ऋषभ स्थापक रहे। मैच के बाद पुरुस्कार वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्रांत चंदेल व शैलेश करमरकर ने किया। आभार व्यक्त नगर निगर कमिश्नर श्री सीपी राय द्वारा किया गया।

**व्यक्तिगत पुरुस्कार-** बेस्ट बैटर प्रशांत घोंगे, बेस्ट बॉलर आदेश खरे, बेस्ट फील्डर महापौर विक्रम अहके, बेस्ट विकेटकीपर शरद बिसेन और मैन ऑफ द मैच श्री शरद बिसेन रहे। विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**धार, भोपाल, बालाघाट में खेलेंगे जिले के खिलाड़ी**



छिंदवाड़ा- जिला बेडमिंटन संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में के आर तिवारी,स्पर्धा अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस ,दारा जुनेजा,आर आर नागले,मयांक कोठारी,रविकान्त अहिरवार,अनिल जैन,समशेर खान की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ जावेद खान स्पर्धा सचिव ने बताया कि इस स्पर्धा के चयनित खिलाडी आगामी दिनों में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में धार,भोपाल और बालाघाट में भाग लेंगे आयोजन समिति की ओर से जबलपुर व नरसिंहपुर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो को पुरूस्कृत किया गया। इस अवसर पर ऑफिसियल के रूप में राकेश चौरसिया, अतिकेश मेहता,तरुण विश्वकर्मा, विनय चंदेल, वाशु करड़े,कोमल शाह,अशवंत मार्को को विशेष रूप से सम्मानित किया गया इस अवसर पर खेल महाकुंभ में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले धुरुव डोडानी,सुवेक्षा हेड़ाऊ,आरव शर्मा, सुजाता थावरे, पुष्कर गिरेटकर,जनव्ही विश्वकर्मा, अनुभव साहू, लक्ष्मी मार्को, कुशाग्र पटेल, रुद्र सोनी व अदिति बघेल को विशेष ट्राफी देकर सम्मानित किया गया 29 जनवरी को दोपहर 3 बजे से स्पर्धा के सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे।28 जनवरी को 52 खिलाड़ियो ने चयन प्रक्रिया में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का संचालन जावेद खान ने किया तथा आभार प्रदर्शन राकेश चौरसिया ने किया।

### ट्रीट डॉग्स के आतंक से मुक्त कराने की मांग

छिंदवाड़ा। परासिया रोड स्थित ईशा नगर कॉलोनी के निवासियों ने कलेक्टर से अपील की है कि उनकी कॉलोनी में स्ट्रीट डॉग्स द्वारा उत्पन्न समस्या का समाधान किया जाए। कॉलोनीवासियों का कहना है कि यहां रहने वाले श्री शंकरलाल सूरजा (रिटायर्ड थाना प्रभारी) और कमल बाजपेयी ने लगभग 60 स्ट्रीट डॉग्स को अपने संरक्षण में रखा है। इन डॉग्स को प्रतिदिन नॉनवेज और अन्य भोजन दिया जाता है, जिससे वे उनके घरों के आसपास बड़े झुंड में इकट्ठे रहते हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इस समस्या के कारण बच्चों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार डॉग्स के काटने की घटनाएं हो चुकी हैं। बच्चों और गाड़ियों का उस रास्ते से निकलना जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। इस इलाके में एक स्कूल और कोचिंग सेंटर भी स्थित हैं, जहां जाने वाले बच्चों को आए दिन डर और असुविधा का सामना करना पड़ता है। निवासियों का आरोप है कि श्री सूरजा और श्री बाजपेयी, नगर निगम द्वारा डॉग्स को पकड़ने की कार्रवाई के दौरान, डॉग्स को अपने घरों के अंदर छिपा लेते हैं और टीम के जाने के बाद उन्हें फिर से बाहर छोड़ देते हैं।

## भूमि का रकबा एवं खसरा नक्शा सुधारने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने मांग की

**जनसुनवाई में सुनी गई 127 आवेदकों की समस्यायें**



छिन्दवाड़ा। राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गनिर्देशन में अपर कलेक्टर के.सी.बोपचे ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 127 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये। जनसुनवाई में मुख्य रूप से भूमि का रकबा एवं खसरा नक्शा सुधारने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्माननिधि की राशि दिलाने, गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाने, मकान पट्टा प्रदान करने, आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी। अपर कलेक्टर श्री बोपचे ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिये भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्राम मोरडोंगरी खुर्द की श्रीमती मंगलवती कनोजिया ने मकान का पट्टा बनाने, ग्राम भांडखापा के राजकुमार विश्वकर्मा ने गरीबी रेखा की सूची में नाम दर्ज कर राशन कार्ड बनाने, ग्राम गुरैया के सतीश कुशवाह ने पुत्री आयुषी कुशवाह की मोटर दुर्घटना में मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता दिलाने, ग्राम पालाचौरई के प्यारेलाल पवार ने सड़क मार्ग का निर्माण कराने, ग्राम तिकाड़ी के समस्त ग्रामवासियों ने 200 मीटर सी.सी. सड़क का निर्माण कराने, ग्राम मोरखा की श्रीमती लक्ष्मी चंद्रवंशी ने मकान में आवेदक के नाम से पट्टा जारी करने, ग्राम कुंडालीखुर्द के जयराम सोलंकी ने अपने घर तक 500 मीटर सी.सी.रोड बनवाने एवं हैंडपम्प लगाने, ग्राम थावड़ीकला के वार्ड नंबर-6 के समस्त वार्डवासियों ने किसानों के खेत जाने वाले मार्ग पर ग्राम पंचायत के निर्माण पर रोक लगाने, ग्राम कुर्सीपार के सरपंच ने कुर्सीपार जलाशय का निर्माण कराने, ग्राम बेलखेड़ा के सरपंच ने आरोग्य केन्द्र बेलखेड़ा में स्टाफ की व्यवस्था कराने, अमरवाड़ा नगर के द्वारकाप्रसाद डेहरिया ने मकान निर्माण कराने, वार्ड नंबर-4 परासिया के समस्त वार्डवासियों ने शासकीय भूमि से कब्जा हटाने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये।

## सम्मानित हुए सत्पथ के 92 विजेता प्रतिभागी

**पार्श्वनाथ जिनालय में नागपुर से आई सत्पथ टीम ने किया अभिनंदन**



छिंदवाड़ा - व्यसन मुक्त - सदाचार युक्त जीवन शैली अभियान के अंतर्गत भारत सहित सम्पूर्ण विश्व में जैनदर्शन के प्रचार - प्रसार के साथ घर घर हो जिनागम का क्रमिक अध्ययन, स्वाध्याय, मनन एवं चिंतन इस पवित्र भावना को लेकर धार्मिक एवं सामाजिक संस्था सत्पथ फाउंडेशन द्वारा अभियान चलाकर विविधा ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। जिनशासन सेवक दीपक राज जैन ने बताया की विगत वर्ष जैनदर्शन के प्रकांड विद्वान पंडित संजीव गोधा एवं पंडित विपिन शास्त्री द्वारा ग्रंथराज मोक्षमार्ग प्रकाशक का क्रमिक अध्ययन कराया गया ओर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कर उनके विजेताओं को चैत्यन्यधाम अहमदाबाद गुजरात में ग्रांड फिनाले सीजन 1 का आयोजन कर सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया। राजकुमार जैन सीए ने बताया कि इस वर्ष सत्पथ द्वारा ग्रंथराज रत्नकरण्ड श्रावकाचारजी का स्वाध्याय कराकर अंतर्राष्ट्रीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छिंदवाड़ा सहित पूरे विश्व से 11 हजार जैन बंधुओं ने हिस्सा लेकर ग्रंथराज का क्रमिक स्वाध्याय किया ओर परीक्षा दी।जिसमें से कुल 1008 विजेता प्रतिभागियों को चैत्यन्यधाम अहमदाबाद में आयोजित सत्पथ ग्रांड फिनाले सीजन 2 में सम्मानित किया गया। इसमें छिंदवाड़ा जिले के 92 प्रतिभागियों का चयन किया गया जिन्हें छिंदवाड़ा के पार्श्वनाथ जिनालय नई आबादी में आयोजित विशेष समारोह में बाल ब्रह्मचारी डॉक्टर आरती जैन के साथ पंडित विपिन शास्त्री, नरेश जैन, सुरेश जैन डायमंड, इंजी. विवेक टक्कामोरे, नितिन शास्त्री सहित टीम सत्पथ फाउंडेशन नागपुर द्वारा सम्मानित किया गया।जिसमें सुंदर ग्रंथलेखन लेखन में श्रीमती ऊषाकिरण जैन, सुंदर भजन गायन में श्रीमती पदमा जैन के साथ अशोक जैन वैभव सहित सभी 92 विजेताओं का प्रमाण पत्र एवं रजत मेडल से अभिनंदन किया गया। सभा का सफल संचालन डॉक्टर विवेक जैन एवं आभार प्रदर्शन जैन युवा फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने किया ओर सुंदर प्रतियोगिता के लिए सत्पथ फाउंडेशन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**सौरभ के काले कारोबारों में पार्टनर होने का आरोप**

# शरद जायसवाल से पूछताछ में जुटी लोकायुक्त, आज कर सकते हैं कोर्ट में पेश

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा के करीबी दोस्त और बिजनेस पार्टनर शरद जायसवाल से पूछताछ जारी है। लोकायुक्त की टीम शरद को बुधवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर ले सकती है। पुलिस को गुमराह करने शरद स्वयं को बेकसूर बता रहा है। सौरभ ने उसके दस्तावेजों को इस्तेमाल कर संपत्तियां खरीदी हैं। वह केवल सौरभ के रेस्टोरेंट, होटल का बिजनेस देखता था। लोकायुक्त की टीम आरोपी सौरभ, शरद और चेतन का आमना-सामना कराने की तैयारी में है।

जिससे यह साफ हो सके कि कम समय में सौरभ और उसके सहयोगियों ने इतनी बड़ी मात्रा में धन कैसे अर्जित किया। काली कमाई को सोने चांदी की सिल्लियों में कैसे कन्वर्ट कराया जाता था। अवैध नाकों से खुलेआम वसूली के खेल में और कौन-कौन लोग उनके सहयोगी रहे हैं। इस कमाई का हिस्सा कहां और किस तक जाता था। भोपाल की लोकायुक्त कोर्ट में मंगलवार की शाम को 5~05 बजे सौरभ को पेश किया गया। शाम 5.35 बजे तक सौरभ के वकील राकेश पाराशर चेतन के वकील हरीष मेहता और विशेष लोक अभियोजक विवेक गौड़ के बीच आर्गुयूमेंट का दौर चला। तीनों पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने आगे की प्रक्रिया शुरू की। शाम 7 बजे कोर्ट ने सौरभ को 4 जनवरी तक पुलिस रिमांड पर सौंप दिया। 7.10 बजे सौरभ को लोकायुक्त की टीम कोर्ट परिसर से लेकर रवाना हो गई।

**सौरभ के वकील ने जमानत के लिए क्या ग्राउंड बनाया:** सौरभ के वकील राकेश पाराशर ने अपने क्लाइंट की पैरवी करते हुए कहा कि वह पेशेवर क्रिमिनल नहीं है। उसके खिलाफ पूर्व में कोई अपराध दर्ज नहीं है। गोल्ड कैश से भरी कार से उसका कोई लेना-देना नहीं है। कार भी उसके नाम पर नहीं है। 41 दिन तक पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर सकी। हम स्वयं पेश हुए हैं, इससे साफ है कि हमारी कोई बदनीयती नहीं है।

उन्होंने तर्क दिए कि पुलिस की हिरासत में आरोपियों के साथ अमानवीय व्यवहार होता है। उनको मारा और पीटा जाता है, इस लिए सौरभ को रिमांड पर सौंपना उचित नहीं है। इस तर्क के जवाब में विशेष लोक अभियोजक विवेक गौड़ ने कहा कि अब हिरासत में इस तरह के बर्ताव नहीं किए जाते हैं। हम आरोपियों को सरकारी दामाद की तरह रखेंगे और पूरा ख्याल रखेंगे।

### चेतन के वकील बोले- रिमांड की क्या जरूरत

चेतन के वकील हरीष मेहता ने लोकायुक्त द्वारा चेतन का रिमांड मांगे जाने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि चेतन शुरुआत से ही जांच एजेंसियों का सहयोग कर रहा है। लोकायुक्त के बुलावे पर दो बार लोकायुक्त के कार्यालय में भी जा चुका है। अगर गिरफ्तारी करना ही थी तो तब क्यों नहीं की गई। तीनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने करीब डेढ़ घंटे एप्लीकेशन रीड कीं और ऑर्डर टाइप कराए।



भोपाल। राजधानी के लाल परेड मैदान में बैटिंग रिट्रीट 2025 की तैयारी

## मप्र में 3 दिन कड़ाके की सर्दी पर ब्रेक, 31 जनवरी तक रात में 2-3 डिग्री बढ़ेगा पारा, 1 फरवरी से गिरेगा मावठा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में तेज सर्दी पर अगले 3 दिन ब्रेक रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक, 31 जनवरी तक रात में पारा 2 से 3 डिग्री तक बढ़ सकता है। वहीं, 1 फरवरी को प्रदेश के आधे से ज्यादा हिस्से में मावठा गिर सकता है। बुधवार को भी कुछ जिलों में बादल और बूंदाबांदी वाला मौसम रह सकता है। मौसम वैज्ञानिक प्रमेंद्र कुमार रैकवार ने बताया, रात का पारा बढ़ेगा, जबकि दिन में तापमान स्थिर रहेगा। बता दें कि अभी प्रदेश के ज्यादातर शहरों में दिन का तापमान 25-26 डिग्री के आसपास ही है। दूसरी ओर, रात में 5 डिग्री के नीचे पहुंच गया। यह 7 से 8 डिग्री तक पहुंच जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार, दिन में सर्द हवा की वजह से ठंडक है। मंगलवार को भी असर देखा गया। पश्चिम-उत्तर भारत में 12.6 किमी की ऊंचाई पर जेट स्ट्रीम हवा की रफ्तार 268 किमी प्रतिघंटा रही। इसका असर प्रदेश में भी देखने को मिला। प्रदेश में हवा की रफ्तार 12 से 14 किमी तक रही।



भोपाल। चांदबड़ में पट्टे की जमीन पर बनी झुग्गी पर कब्जा करने के विरोध में कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने तहसीलदार को ज्ञापन दिया।

# चिकित्सा शिक्षकों की भर्ती का वार्षिक कैलेंडर शीघ्र करें जारी: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

### स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा की

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की वृहद समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने चिकित्सा शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि चिकित्सा शिक्षकों के प्रमोशन के लिये आवश्यक कार्यवाही की जाये और भर्ती का वार्षिक कैलेंडर जारी किया जाए। उन्होंने मेडिकल कॉलेजों की कार्यकारी परिषद (एग्जीक्यूटिव काउंसिल) की नियमित बैठकें सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उल्लेखित समस्यायों और आवश्यकताओं की प्राथमिकता से पूर्ति की जाये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विशेषज्ञ डॉक्टरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सेवा शर्तों और वित्तीय प्रावधानों पर गहन विमर्श किया। प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री तरुण राठी, एमडी एमपीपीएचएससीएल श्री मयंक अग्रवाल, संचालक प्रोजेक्ट एवं सीईओ आयुष्मान भारत डॉ. योगेश भरसट सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## सिविल अस्पताल हजीरा के सशक्तीकरण के लिये आवश्यक व्यवस्थाएँ करें:शुक्ल

भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सिविल अस्पताल हजीरा के सशक्तीकरण और उन्नयन के लिये आवश्यक व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रावधानों की सीमा में समस्त आवश्यक व्यवस्थाएँ शीघ्र सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सिविल अस्पताल हजीरा में स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रोगी कल्याण समिति के दानदाताओं को समयबद्ध रूप से 80त्न सर्टिफिकेट उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यह दान प्रक्रिया को सुचारू और प्रोत्साहित करेगा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल से ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मंत्रालय वल्लभ भवन में सौजन्य भेंट की।

# इंदौर में 14 लाख में खरीदा गाड़ी का खास नंबर

**2024 में स्पेशल नंबरों की नीलामी 11 करोड़ में**





**इंदौर।** इंदौर में वीआईपी नंबर खरीदने का शौक लगातार बढ़ता जा रहा है। लोगों में वीआईपी नंबर की दीवानगी इस तरह है कि 2024 में इंदौर आरटीओ से ही 11 करोड़ रुपए के वीआईपी नंबर नीलाम हुए हैं। इंदौर में सबसे ज्यादा महंगा 0001, 0009, 8888 और 9999 नंबरों की बिक्री हुई है। हांलाकि नए साल की शुरुआत वीआईपी नंबरों के लिए अच्छी नहीं रही। क्योंकि हाल ही में शुरू हुई आरटीओ की नीलामी में 0001 नंबर सिर्फ 20 हजार रुपए में ही बिका। इंदौर में कार प्रेमियों में सबसे ज्यादा खींचतान 0001 नंबर के लिए रहती है। अब तक सबसे महंगा (स्थ्क्क 09 ष्ट 0001) नंबर 2016 में 14.01 लाख रुपए में बिका है। यह प्रदेश का सबसे महंगा नीलाम होने वाला नंबर है। वहीं 0001 सीरीज का एक नंबर 12.50 लाख रुपए में भी नीलाम हुआ है।

### ऐसे भी परिवार, जिनकी हर कार का नंबर खास

साल 2022 में एमपी 09 जेबी 0001 नंबर 4.06 लाख रुपए में नीलाम हुआ था। इंदौर में 0001 के साथ ही 2020 में एक बार (स्थ्क्क09 ष्ट 9999) नंबर 7 लाख रुपए में नीलाम हुआ था। इंदौर में कई ऐसे परिवार हैं जिनके घर में करोड़ों रुपए की कार हैं और वह अपनी हर कार के लिए स्पेशल नंबर ही खरीदते हैं। इंदौर आरटीओ के अनुसार 2024 में केवल इंदौर से ही 18,754 वाहन मालिकों ने परिवहन विभाग की नीलामी प्रक्रिया से वीआईपी नंबर खरीदे थे।

### इंदौर में नीलाम होते हैं सबसे महंगे वीआईपी नंबर

इंदौर आरटीओ में कई वीआईपी नंबर खाली पड़े हैं। लोग प्रमुख नंबरों को ले लेते हैं। बाकी वीआईपी नंबर खाली पड़े रहते हैं। अधिकारी इन नंबरों को सामान्य रूप से देने को लेकर कई बार परिवहन मुख्यालय को भेज चुके हैं। लेकिन अब तक इस पर निर्णय नहीं हो पाया।

प्रदेशभर में वाहनों के वीआईपी नंबरों की नीलामी ऑनलाइन की जाती है। इंदौर में कार के 0001 नंबर को लेकर प्रतिस्पर्धा रहती है। अधिकारियों के अनुसार वैसे तो यह नीलामी सभी श्रेणी के वाहनों के लिए होती है, लेकिन कार के नंबरों के लिए लोग काफी उत्सुक रहते हैं। इसके अलावा, दो पहिया वाहनों के नंबर के लिए भी आवेदक बोली लगाते हैं। प्रदेशभर में सबसे अधिक नंबर इंदौर में ही बिकते हैं।



भोपाल। राज भवन की दीवार पर वॉल पेंटिंग करते कलाकार

## नर्मदापुरम में मंगलम फूड्स और देवीलाल ज्वैलर्स पर आईटी का छापा



**नर्मदापुरम।** जिले के पिपरिया में इनकम टैक्स विभाग ने मंगलम फूड्स और देवीलाल श्यामसुंदर सोनी ज्वैलर्स के शोरूम पर छापेमारी की है। यह कार्रवाई बुधवार दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुई, जब इनकम टैक्स अधिकारी नर्मदा परिक्रमा के स्टीकर लगी 6 गाड़ियों में पहुंचे और सीधे दोनों प्रतिष्ठानों के अंदर एंट्री ली।

गौरतलब है कि अनाज व्यापारी रोहित अग्रवाल (मंगलम फूड्स) के कार्यालय और फैक्ट्री में चार महीने पहले प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) ने भी छापेमारी की थी। इसके बाद अब इनकम टैक्स विभाग ने दोबारा कार्रवाई करते हुए मंगलम फूड्स और देवीलाल ज्वैलर्स के शोरूम की जांच शुरू की है।

इससे पहले, नर्मदापुरम जिले में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय घोटाले से जुड़े मामले में भी कार्रवाई हो चुकी है। 2 सितंबर को पिपरिया और सोहागपुर में ईडी की टीम ने 4 प्रतिष्ठानों पर छापा मारा था। इस दौरान, रोहित अग्रवाल के कार्यालय, फैक्ट्री, सिंह ट्रेडर्स बिल्डिंग मटेरियल समेत चार स्थानों पर जांच हुई थी। सूत्रों के मुताबिक, आरजीपीवी में करोड़ों रुपये के घोटाले में सोहागपुर के दलित संघ, व्यापारी और बैंक कर्मियों के नाम जुड़े थे।

# कांग्रेस की रैली पर शिवराज सिंह का हमला, दिग्विजय सिंह का पलटवार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



27 जनवरी को डॉ अंबेडकर की जन्मस्थली पर कांग्रेस की जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली हुई। इस रैली को लेकर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट कर लिखा कि अंबेडकर जन्मस्थली पर स्मारक का निर्माण भाजपा की पटवा सरकार में कराया गया था। शिवराज सिंह चौहान के इस ट्वीट पर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने पलटवार करते हुए स्मारक का निर्माण अर्जुन सिंह सरकार के दौरान शुरू होने और स्वयं के मुख्यमंत्री रहते पूरा होने की बात लिखी। इसी ट्वीट में दिग्विजय सिंह ने महू में अंबेडकर मेमोरियल समिति के अध्यक्ष भंते संघशील के सुसाइड मामले की जांच कराने की मांग भी की। दिग्विजय सिंह ने भंते संघशील का सुसाइड नोट भी शेयर किया। दिग्विजय सिंह ने दावा किया कि भंते संघशील ने दबाव में आकर सुसाइड किया था।

**शिवराज सिंह चौहान का ट्वीट**: केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लिखा- मल्लिकार्जुन खड़गे जी और राहुल गांधी जी आप आज महू आ रहे हैं। महू में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जन्मस्थली पर बने भव्य स्मारक को जरूर देखिए, जिसे भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने बनवाया है। साथ ही बाबा साहब के स्मारक के सामने आंखें बंद करके प्रायश्चित भी जरूर कीजिए। क्योंकि आपने और आपकी पार्टी ने हमेशा बाबा साहब का अपमान किया। मध्यप्रदेश में आजादी के बाद दशकों तक कांग्रेस की सरकारें रहीं लेकिन कांग्रेस ने उनके जन्म स्थान पर न तो कोई आयोजन किया और न ही कोई स्मारक बनाने की कल्पना की। शिवराज सिंह चौहान ने आगे लिखा-मध्यप्रदेश में जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तब तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. सुंदर लाल पटवा जी ने महू में स्मारक का भूमि पूजन किया। इसके बाद कांग्रेस की सरकार आई और वहां काम रोक दिया गया। फिर पुन: भाजपा की सरकार आई और मैं मुख्यमंत्री बना। तब हमने बाबा साहब के सम्मान में दिव्य और भव्य स्मारक का निर्माण कराया। मध्यप्रदेश में अब अंबेडकर महाकुंभ का आयोजन होता है, जिसमें बाबा साहब के हजारों अनुयायी आते हैं, जिनके रुकने, ठहरने एवं भोजन सहित अन्य समुचित व्यवस्थाओं का प्रबंध भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर रही है।

**दिग्विजय सिंह का जवाबी ट्वीट:** दिग्विजय सिंह ने जवाबी ट्वीट में लिखा- शिवराज जी आपकी झूठ बोलने की आदत पुरानी है। महू में बाबा साहब अंबेडकर की जन्म स्थली पर स्मारक बनाने का निर्णय 80 के दशक में अर्जुन सिंह जी ने लिया था। उसके बाद बाबा साहब के स्मारक का स्वरूप क्या हो उसको मूर्तरूप मोतीलाल जी वोरा ने दिया। इसी बीच 89 में भाजपा की सरकार आ गई। पकी-पकाई योजना का श्रेय कैसे लेना है ये कोई आरएसएस, बीजेपी से सीखे। सुंदरलाल पटवा जी ने स्मारक का शिलान्यास कर दिया। 91 में भाजपा की सरकार गिर गई, तब 93 में मुझे मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला। स्मारक का निर्माण मेरे कार्यकाल में पूरा हुआ। इसके बारे में मैं आपको चुनौती देता हूं आप मुझे ग़लत साबित करें। कहानी यहीं खत्म नहीं होती है। भाजपा, आरएसएस मठ, मंदिरों, स्मारकों, संस्थाओं आदि पर कब्जा करने का षड्यंत्र सदैव करते आ रहे हैं।

### दिग्विजय सिंह ने भंते का सुसाइड नोट शेयर करते हुए लिखा

महात्मा गांधी की लगभग सभी संस्थाओं पर तो कब्जा कर ही लिया है। बाबा साहब अंबेडकर के स्मारक की प्रबंधन संस्था डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर मेमोरियल सोसाइटी महू के अध्यक्ष भंते संघशील (अरविंद वासनिक) ने बीमार होने पर त्यागपत्र दिया, तो भाजपा सरकार ने उनके स्थान पर राजेश वानखेड़े को कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया। इसी बीच संस्था की आम सभा ने भंते संघशील से त्यागपत्र वापस लेने के लिए अनुरोध किया। जिसे भंते जी ने स्वीकार कर लिया। इस बीच कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वानखेड़े ने संस्था के संचालन में दखलंदाजी कर भंते संघशील जी को इतना परेशान किया कि उन्होंने आत्महत्या कर ली। मैं भंते संघशील जी का सुसाइड नोट पोस्ट में डाल रहा हूं। क्या शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री इसकी जांच कराने को तैयार हैं? यह भंते संघशील जी का सुसाइड नोट है और दूसरे चित्र में जब राहुल गांधी जी 2013 में पहली बार बाबा साहब अंबेडकर स्मारक गए तब भंते संघशील जी उनके निकट खड़े हैं।